दैनिक
# राष्ट्रीय जनभावना
RNI-MPHIN/2013/53761
वर्ष-10, अंक-180
इन्दौर, शुक्रवार
27 सितम्बर 2024
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.
इन्दौर प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

**चाणक्य नीति**

चाणक्य कहते हैं कि अधिक लाड़ प्यार करने से बच्चों में अनेक दोष उत्पन्न हो जाते हैं। इसलिए यदि वे कोई गलत काम करते हैं तो उसे नजरअंदाज करके लाड़-प्यार करना उचित नहीं है। बच्चे को डाँटना भी आवश्यक है। -चाणक्य






**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बिलकिस बानो के दोषियों के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार की पुनर्विचार याचिका को खारिज कर दिया है। गुजरात सरकार ने बिलकीस फैसले पर पुनर्विचार याचिका दायर कर फैसले में गुजरात सरकार के खिलाफ कड़ी टिप्पणियों को हटाने की मांग की थी।

सुप्रीम कोर्ट ने 8 जनवरी को 11 दोषियों को वापस जेल भेज दिया था और गुजरात सरकार के समय से पहले रिहाई के आदेश को रद्द कर दिया था। साथ ही आदेश में गुजरात सरकार के खिलाफ कड़ी टिप्पणियां भी की थीं। अदालत ने बिलकीस मामले में दोषियों की रिहाई से जुड़े सुप्रीम कोर्ट के आदेश में की गई टिप्पणियों को हटाने से भी इंकार कर दिया। दरअसल गुजरात सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर कर 2002 के दंगों के दौरान बिलकीस बानो बलात्कार मामले में 11 दोषियों की समय पूर्व रिहाई को खारिज करने के फैसले में गुजरात सरकार के खिलाफ कुछ टिप्पणियों को अनुचित बताते हुए उसे हटाने का अनुरोध किया था।

गुजरात सरकार की याचिका में कहा गया था कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कठोर टिप्पणी करते हुए ये कह दिया था कि गुजरात ने 'मिलीभगत से काम किया और दोषियों के साथ साठगांठ की। याचिका में ये भी कहा गया कि कोर्ट की ये टिप्पणी न केवल अनुचित है और मामले के रिकॉर्ड के खिलाफ है, बल्कि याचिकाकर्ता-गुजरात सरकार के खिलाफ पूर्वाग्रह से ग्रसित है।

## खाद-बीज की कालाबाजारी बर्दाश्त नहीं होगी : मुख्यमंत्री

### खाद-बीज की उपलब्धता और वितरण की समीक्षा



**भोपाल , राष्ट्रीय जनभावना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में खाद-बीज की कालाबाजारी बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने निर्देश दिए कि जो कालाबाजारी करते पाया जाए उस पर कड़ी से कड़ी कार्यवाई सुनिश्चित की जाए।

रबी सीजन में किसानों को खाद-बीज की कमी नहीं रहे। इसके लिए अभी से ही खाद-बीज के भण्डारण और आपूर्ति करने की व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में खाद-बीज की उपलब्धता और वितरण की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना, मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव एवं कृषि उत्पादन आयुक्त श्री मोहम्मद सुलेमान तथा अपर मुख्य सचिव किसान कल्याण एवं कृषि विकास श्री अशोक वर्णवाल तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ब्लॉक स्तर पर कृषि विकास अधिकारियों को 15 अक्टूबर तक प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में फसलों के बोने के क्षेत्र चिन्हित कर आवश्यकतानुरूप खाद-बीज की व्यवस्था करें। अक्टूबर-नवम्बर माह में खाद-बीज की पर्याप्त उपलब्धता बनी रहे, जिससे किसानों को कोई असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि जन-प्रतिनिधियों एवं जिलों के अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से खाद-बीज की उपलब्धता के संबंध में चर्चा की जाएगी।

### मुख्यमंत्री के प्रयास से डीएपी का आवंटन बढ़ा

बैठक में जाकनारी दी गई कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रयासों से भारत सरकार द्वारा डीएपी का आवंटन बढाकर 8 लाख मीट्रिक टन कर दिया गया है, जबकि रबी 2024-25 के लिए 6 लाख मीट्रिक टन डीएपी के आवंटन की सहमति दी गई थी। डीएपी के स्थान पर एनपीके के उपयोग के लिए जिलों को निर्देश जारी किए गए, जिससे खरीफ 2024 में डीएपी की कमी परिलक्षित नहीं हुई। डीएपी की कमी की पूर्ति के लिए प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में यूरिया एवं एसएसपी उपलब्ध है।



## गुजरात के वडोदरा में तूफान से 4 मौतें

### मुंबई में भी 4 की जान गई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुंबई और गुजरात में पिछले 24 घंटे में तूफान और बारिश के चलते 8 लोगों की जान चली गई। मुंबई में बुधवार शाम 5 घंटों में 3.9 इंच से ज्यादा बारिश हुई। सड़कों पर पानी भर गया और लोग जाम में फंस गए।

मुंबई एयरपोर्ट पर 14 फ्लाइट्स डायवर्ट करनी पड़ीं। 4 लोगों की जान चली गई, इनमें एक महिला की मौत मैनहोल में गिरने से हुई। मुंबई सहित पूरे महाराष्ट्र में आज भारी बारिश का रेड अलर्ट है। मुंबई, ठाणे, पालघर, पुणे और पिंपरी-चिंचवड़ में स्कूलों-कॉलेजों में छुट्टी कर दी गई है। पुणे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा होनी थी, लेकिन ग्राउंड में पानी भरने के चलते इसे रद्द कर दिया गया है। गुजरात के सूरत में बुधवार शाम 2 घंटे में 2 इंच बारिश हुई।

कदरसा और संग्रामपुरा इलाके में नहरों में बाढ़ आ गई। बच्चे स्कूलों में फंस गए, जिन्हें दमकल ने रेस्क्यू किया। गुजरात में अगले चार दिनों तक बारिश से राहत मिलने की संभावना नहीं है। ओडिशा में कई इलाकों में पिछले 24 घंटे से बारिश हो रही है। पुरी में स्कूलों को बंद कर दिया गया है। कोणार्क सूर्य मंदिर के कैंपस में पानी भर गया। मंदिर कैंपस से पानी निकालने के लिए पंप लगाए हैं।

## लेबनान में जंग रोकने से नेतन्याहू का इनकार



**बेरुत (एजेंसी)।** इजराइल ने लेबनान में जंग रोकने से इनकार कर दिया है। इजराइली पीएम ऑफिस ने गुरुवार, 26 सितंबर को सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी है। इसमें कहा गया है कि सीजफायर की रिपोर्ट्स गलत हैं। पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के ऑफिस ने बताया है कि अमेरिका-फ्रांस की तरफ से जंग रोकने की मांग की थी। इसका नेतन्याहू ने जवाब नहीं दिया है। इजराइल के मुताबिक, PM की सलाह पर सेना पूरी ताकत से लेबनान में लड़ाई जारी रखेगी। वहीं, हिजबुल्लाह ने इजराइल के राफेल मिलिट्री फैसलिटी पर 45 रॉकेट दागे हैं। अभी कितना नुकसान पहुंचा है, इसका पता नहीं चल पाया है।

### लेबनान में इजराइली हमले में 23 सीरियाई नागरिकों की मौत

लेबनान की स्टेट मीडिया की रिपोर्ट में कहा गया है कि इजराइल ने लेबनान के यूनीन इलाके में गुरुवार को हमला किया। इसमें 23 सीरियाई लोगों की मौत हो गई। ये सभी लोग लेबनान में काम के लिए गए थे।

### उत्तराखंड के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश

**देहरादून (एजेंसी)।** पिछले 24 घंटों में देहरादून जिले के मसूरी और कालसी क्षेत्र में 160 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी जबकि विकासनगर में 120 मिमी और देहरादून में 81.5 मिमी बारिश हुई। उत्तराखंड के विभिन्न हिस्सों में बुधवार को पूरी रात भारी बारिश हुई जिससे टिहरी के बूढ़ा केदार क्षेत्र में धर्मगंगा सहित अनेक नदियों का जलस्तर बढ़ गया।

## सिद्धारमैया ने फिर किया इस्तीफे से इनकार



**कर्नाटक (एजेंसी)।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने एक बार फिर से इस्तीफे से इनकार किया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि मैं इस्तीफा नहीं दूंगा। मैं इस्तीफा क्यों दूं? एचडी कुमारस्वामी पर आरोप हैं, क्या उन्होंने इस्तीफा दिया? उन्हें इस्तीफा देने दीजिए। क्या मोदी ने कुमारस्वामी का इस्तीफा ले लिया है।

उनकी यह टिप्पणी एक विशेष अदालत द्वारा मामले में कथित अनियमितताओं को लेकर लोकायुक्त को उनके खिलाफ जांच करने का आदेश देने के एक दिन बाद आई है, जिससे मुख्यमंत्री के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का रास्ता साफ हो गया है। उनकी टिप्पणी तब आई जब विपक्षी भाजपा ने मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर आज कर्नाटक विधानसभा में विरोध प्रदर्शन किया। इस बीच, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने भी सिद्धारमैया के पद छोड़ने की संभावना से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि हम जो चाहेंगे वही करेंगे। सीएम के इस्तीफा देने का कोई सवाल ही नहीं है।

### इटली की पीएम मेलोनी को डेट कर रहे हैं एलन मस्क?

**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क क्या इटली की प्रधानमंत्री को डेट कर रहे हैं? ये सवाल इन दिनों सुर्खियों में है। दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क ज्यादातर किसी न किसी वजह से चर्चा में बने रहते हैं। लेकिन इस बार वो सुर्खियों में इसलिए हैं क्योंकि इस बार उनके साथ इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी का नाम जोड़ा जा रहा है। असल में इस समय दोनों की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है।

## हरियाणा चुनाव में किसान आंदोलन फिर जिंदा हुआ

### कंगना रनोट के बयानों से नाराजगी; बीजेपी को लोकसभा जैसा सबक सिखाएंगे

**हरियाणा (एजेंसी)।** बीजेपी सांसद कंगना रनोट ने कहा, किसानों के जो 3 कृषि कानून रोक दिए गए, वे वापस लाने चाहिए। किसानों को खुद इसकी डिमांड करनी चाहिए। हमारे किसानों की समृद्धि में ब्रेक न लगे। हिमाचल प्रदेश के मंडी से सांसद कंगना रनोट के बयान के बाद हरियाणा विधानसभा चुनाव के बीच किसान आंदोलन का मुद्दा फिर से जिंदा हो गया है। ॠक्कप्रवक्ता गौरव भाटिया ने कंगना से किनारा करते हुए कहा था कि ये कंगना की व्यक्तिगत राय है। उनका बयान पार्टी की सोच नहीं है, लेकिन इससे किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ का कहना है कि कंगना का फिजूल बातें करने का पुराना रिकॉर्ड रहा है। किसानों को जानबूझकर परेशान करने की कोशिश की जा रही है। ये (भाजपा) किसानों को जितना प्रताड़ित करेंगे, उतना बुरा परिणाम इन्हें हरियाणा चुनाव में भुगतना पड़ेगा। शंभू बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे किसान मजदूर मोर्चा (चस्स्न्) के नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा- केंद्र कानूनों को वापस ले चुकी है। फिर भी उनकी सांसद उन कानूनों पर बयान देती हैं तो उन पर कार्रवाई होनी चाहिए। कोई नीतिगत मामलों पर बयान दे कर यह कैसे कह सकता है कि यह उसकी व्यक्तिगत राय है? बीजेपी का इस मुद्दे पर भंडाफोड़ हो गया है।



### सीबीआई ने दिल्ली में 'उगाही' रैकेट मामले में

## सुकेश चंद्रशेखर का बयान दर्ज किया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

दो वरिष्ठ जेल अधिकारियों गोयल और तत्कालीन एआईजी मुकेश प्रसाद ने सुरक्षा और सुविधा के नाम पर दिसंबर 2019 से जून 2022 के बीच विभिन्न किस्तों में उनके करीबियों से 12.5 करोड़ रुपये की जबरन वसूली की। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने तिहाड़ जेल और दिल्ली की अन्य जेलों से कथित रूप से संचालित जबरन वसूली रैकेट की प्रारंभिक जांच के सिलसिले में कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर का बयान दर्ज किया है। यह जानकारी अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को दी। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी ने 30 अगस्त को एक विशेष अदालत से जेल में चंद्रशेखर से पूछताछ करने की अनुमति ली थी।

### अजित पवार का छलका दर्द

## सीएम बनना चाहता हूं पर उप मुख्यमंत्री से आगे नहीं बढ़ पा रहा



**मुंबई (एजेंसी)।**

महाराष्ट्र के कद्दावर नेता और उप मुख्यमंत्री अजित पवार का एक बार फिर दर्द छलका है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बनना चाहता हूं लेकिन उप मुख्यमंत्री से आगे नहीं बढ़ पाता। मुझे मौका नहीं मिल रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि एनसीपी के पास साल 2004 में मुख्यमंत्री बनाने का मौका था, लेकिन पार्टी ने इसे गंवा दिया। खास बात है कि 2004 में महाराष्ट्र के सीएम का पद कांग्रेस के खाते में आया था।साल 2004 के विधानसभा चुनाव में महाराष्ट्र में एनसीपी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। उस दौरान पार्टी को 71 सीटें मिली थीं। जबकि, 69 सीटों पर जीत के साथ कांग्रेस दूसरे स्थान पर थी। तब कांग्रेस नेता विलासराव देशमुख को सीएम बनाया गया था। साल 2012 में देशमुख का निधन हो गया था। कार्यक्रम में अजित ने बताया है कि साल 2019 में जिस पार्टी ने जितनी सीटें जीती थीं, उसके आधार पर सीट बंटवारा होगा। उन्होंने कहा, भाजपा ने जिन सीटों पर 2019 में जीत हासिल की थी, उनपर वह लड़ेगी। ऐसा ही एनसीपी और शिवसेना के लिए होगा। ऐसे में सीट शेयरिंग फॉर्मूला 200 सीटों पर साफ है। बची 88 सीटों को गठबंधन सहयोगियों में बांटा जाएगा।साल 2019 में अविभाजित एनसीपी ने कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था। वहीं, भाजपा और तब अविभाजित शिवसेना साथ थे। 2019 में भाजपा ने 164 सीटों पर चुनाव लड़ा और 105 सीटें अपने नाम की थीं। जबकि, शिवसेना को 126 में से 56 पर जीत मिली।

## हमने किसी को रिजेक्ट नहीं किया, सब को स्वीकार किया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने मानवता पर भौतिक विकास के प्रभाव पर चिंता व्यक्त की। महाराष्ट्र के नागपुर में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि पिछले 2,000 वर्षों में शांति और खुशी लाने के सभी प्रयोग विफल हो गए हैं। भागवत ने कहा कि भौतिक प्रगति अपने चरम पर पहुंच गई है, यह मानवता को विनाश की ओर धकेल रही है। उन्होंने कहा कि इसका उत्तर भारतीय परंपराओं में निहित है। आगे बोलते हुए उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारतीय दर्शन ने हमेशा विविध दृष्टिकोणों को अपनाया है, जिसमें आस्तिक और नास्तिक दोनों तरह के दृष्टिकोण शामिल हैं। भागवत ने भारतीय संस्कृति की समावेशिता का जिक्र करते हुए कहा कि हमने कभी किसी को अस्वीकार नहीं किया, हमारी परंपरा सभी को स्वीकार करती है। भागवत ने जीवन में संतुलन और समन्वय की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जीवन स्वाभाविक रूप से संघर्षों से भरा है, लेकिन इन संघर्षों में एक छिपा हुआ सामंजस्य है जिसे महसूस किया जा सकता है।

## नक्सलियों ने ग्रामीण की कर दी हत्या...




**सुकमा (एजेंसी)।** बस्तर संभाग में माओवाद को खत्म करने के लिए जवान लगातार जंगलों में घूम रहे हैं और लगातार सफलता भी मिल रही है। वहीं माओवादी लगातार मिल रहे नुकसान से बौखलाए हुए हैं और हमेशा ये रणनीति बनाने के की फिराक में रहते हैं कि जवानों को कैसे नुकसान पहुंचाया जाए।

वहीं ग्रामीणों को भी नुकसान पहुंचाने की कोशिश में है। इसी बीच खबर आ रही है कि नक्सलियों ने एक अधेड़ की हत्या कर दी है। बताया जा रहा है कि माओवादियों ने धारदार हथियार अधेड़ को मौत के घाट उतार दिया है। इस घटना की पुष्टि-स्क्र आकाश राव गिरपूंजे ने की है। इस घटना के बाद पुलिस मामले को संज्ञान में ले ली है और वैधानिक कार्रवाई रही है। घटना भेज्जी थाने के भंडारपदर की है।

### बाइडेन ने न्यूयार्क को वाशिंगटन बताया

**वाशिंगटन।** न्यूयॉर्क के बार्कले होटल में एक संबोधन में राष्ट्रपति ने वैश्विक नेताओं का स्वागत करते हुए उन्हें धन्यवाद कहा। इसके साथ ही बाइडेन ने कहा कि वाशिंगटन में आपका स्वागत है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की एक बार फिर कैमरे पर जुबान फिसल गई। वे शायद भूल गए कि वे न्यूयॉर्क में हैं और उन्होंने इसकी जगह वाशिंगटन कहकर वैश्विक नेताओं का स्वागत किया।

## सरकार न करे मंदिरों का प्रबंधनः शंकराचार्य



**मथुरा (एजेंसी)।**

गुवाहाटी से चातुर्मास करने के बाद मथुरा आए शंकराचार्य अधोक्षजानंद देव तीर्थ ने तिरुपति के लड्डू प्रसाद में ''मिलावट की निंदा की और कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि मंदिरों का प्रशासन सरकारों के हाथ में न होकर एक अलग बोर्ड के हाथ में हो। शंकराचार्य ने बुधवार को यहां गोवर्धन में पत्रकारों से बातचीत में यह बात कही। जानकारी के मुताबिक, वह असम के गुवाहाटी से चातुर्मास करने के बाद यहां आए हैं। यहां आदि शंकराचार्य आश्रम पहुंचने पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। तिरुपति लड्डू विवाद पर उन्होंने कहा कि यह लोगों की धार्मिक भावनाओं पर सीधा हमला है। दोषियों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए मंदिरों का प्रशासन सरकार के हाथ में नहीं होना चाहिए।ह्व

### दिल्ली के शाही ईदगाह के पास भारी पुलिस फोर्स तैनात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली का पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया। खबर वायरल होने के बाद सदर बाजार थाने के पास शाही ईदगाह के आसपास भारी पुलिस बल तैनात किया गया। दिल्ली के शाही ईदगाह मस्जिद को लेकर बड़ी खबर सामने आई। रानी लक्ष्मीबाई की मूर्ति स्थानांतरण विवाद को लेकर विरोध प्रदर्शन आयोजित किए जाने की अफवाह सामने आई।

## संपादकीय

# सरकारी बही खातों में पिछले 6 सालों में घटी बेरोजगारी



*सरकार के पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे का आंकड़ा प्रकाशित हुआ है। इस रिपोर्ट के अनुसार 28 राज्यों में गोवा में सबसे ज्यादा 8.5 फ़ीसदी बेरोजगारी है। वहीं मध्य प्रदेश में सबसे कम एक फ़ीसदी से भी कम बेरोजगारी है। हरियाणा विधानसभा चुनाव के ठीक 11 दिन पहले यह रिपोर्ट जारी की गई है। हरियाणा के विधानसभा चुनाव में सबसे ज्यादा बेरोजगारी होने की बात विपक्षियों द्वारा कही जा रही है, जो इस रिपोर्ट ने गलत साबित कर दी है। सर्वे रिपोर्ट में कहा गया है, पंजाब में वर्ष 2023-24 में 5.5 फ़ीसदी, राजस्थान में 4.2 फ़ीसदी, हरियाणा में 3.4 फ़ीसदी, महाराष्ट्र में 3.3 फ़ीसदी, उत्तर प्रदेश में 3.0 फ़ीसदी, बिहार में 3.0 फ़ीसदी, छत्तीसगढ़ में 2.5 फ़ीसदी, दिल्ली में 2.1 फ़ीसदी, झारखंड में 1.3 फ़ीसदी, गुजरात में 1.1 फ़ीसदी और मध्यप्रदेश में मात्र 0.9 फ़ीसदी बेरोजगारी के आंकड़े सामने आए हैं। लेबर फोर्स की सर्वे रिपोर्ट में 3.2 फ़ीसदी की औसत बेरोजगारी देश में है। सर्वे रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2017-18 में यह बेरोजगारी दर 6.1 फीसदी थी। 2022-23 में 3.2 फ़ीसदी थी। वर्ष 2023-24 में भी 3.2 फ़ीसदी औसत बेरोजगारी की दर रही है। सरकार महंगाई एवं बेरोजगारी के मामले में विपक्ष के आरोपों को नकारती आ रही है। सरकार का मानना है, महंगाई और बेरोजगारी पहले की तुलना में कम हुई है। बेरोजगारी की हालत में लगातार सुधार हुआ है। विपक्षी दल जनता को गुमराह कर रहे हैं लेबर फोर्स सर्वे रिपोर्ट में सबसे ज्यादा बेरोजगारी राजस्थान और छत्तीसगढ़ राज्य में घटी है। दिल्ली में भी 7.6 फ़ीसदी बेरोजगारी कम हुई है। इस सर्वे रिपोर्ट को तीन वर्गों में बांटा गया है। एक वर्ग स्वरोजगार दूसरा वर्ग नौकरी पैसा और तीसरा दिहाडी मजदूरों का है। स्वरोजगार के मामले में यूपी में सबसे ज्यादा स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध हुए हैं। नौकरी पैशा के क्षेत्र में दिल्ली का नंबर सबसे उपर है। दिहाडी मजदूरों की बात करें, तो बिहार का नंबर सबसे ऊपर है। बहरहाल सरकार की रिपोर्ट में जो जानकारी दी गई है। उससे ऐसा लगता है कि भारत में बेरोजगारी कोई समस्या नहीं है। पढ़े-लिखे युवा जिस तरीके से करोड़ों की तादाद में बेरोजगार रहते हुए यहां से वहां नौकरी के लिए भटक रहे हैं। मजदूरों का पलायान एक राज्य से दूसरे राज्यों में हो रहा है। चपरासी की नौकरी के लिए लाखों आवेदन प्रस्तुत हो जाते हैं। बहुत बड़ी युवा आबादी काम की तलाश में यहां से वहां भटक रही है।*



## चिंतन-मनन

# कर्त्तव्य को बनाएं सर्वोपरि लक्ष्य

अध्यापक ने विद्यार्थियों से पूछा- 'रामायण और महाभारत में क्या अंतर है?' विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी समझ के अनुसार उत्तर दिए। अध्यापक को संतोष नहीं हुआ। एक विद्यार्थी ने अनुरोध किया- 'आप ही बताइए' अध्यापक बोला- रामायण और महाभारत में सबसे बड़ा अंतर है 'हक-हकूक' का। रामायण में राम ने अपना अधिकार छोड़ा, राज्य छोड़ा और चौदह वर्षों तक वन में जाकर रहे। वे चाहते तो अधिकार के लिए लड़ाई कर सकते थे। दशरथ उन्हें वन में नहीं भेजना चाहते थे। अयोध्या की जनता उनके वन-गमन से व्यथित थी। पर राम ने अपने कर्त्तव्य को अधिकार से ऊपर रखा। पिता के कहे का पालन उनके जीवन का महान आदर्श था। महाभारत का संपूर्ण कथानक अधिकारों की लड़ाई का कथानक है। कौरव और पांडव आपस में चचेरे भाई थे। भाई-भाई के रिश्तों में जो गंध होती है, मिठास होती है, अपनापा होता है, उसका दर्शन ही वहां कहां होता है! पांडव सब कुछ जुए में हार गए। सब वादे पूरे कर वे लौटे तो दुर्योधन ने पांच गांव तो क्या, सूई की नोक के बराबर भूमि भी देने से मना कर दिया। ये दो उदाहरण हैं - हमारे सामने। प्रथम उदाहरण अपनेपन से भरे आत्मीय संबंधों का है। यह संबंधों की मधुरता व्यक्ति को कभी आत्मकेंद्रित नहीं होने देती। वह अपने बारे में नहीं सोचता; परिवार, समाज और देश के बारे में सोचता है। उसका अपना कोई स्वार्थ होता ही नहीं। पद-प्रतिष्ठा और सुख-सुविधा के संस्कारों से वह ऊपर उठ जाता है। ऐसा वही व्यक्ति कर सकता है, जो कर्त्तव्य को अपने जीवन का सवरेपरि लक्ष्य मानता है। वह संस्कृति सफल होती है जो कर्त्तव्यनिष्ठा व्यक्तियों को जन्म देती है। वह शताब्दी सफल होती है, जो कर्त्तव्य की धारा को सतत प्रवाही बनाकर जन-जन तक पहुंचाती है। वह परंपरा सफल होती है, जो कर्त्तव्य का बोध देती है।



कहानी

# उसकी फिकर

बारिश चढ़ी हुई थी और मौसम सुहावना था। लग रहा था थोड़ी देर बाद बरसात शुरू होगी। परिवार के सभी सदस्य ड्राइंग रूम में बैठे आपस में बतिया रहे थे। कृतिका ने हंसते हुए पूछा,आज डिनर में क्या बनाना है ड्राइंग रूम में खुसर-पुसर होने लगी।

आज तो मौसम सुहावना हो रहा है इसलिए बाहर से खाना ऑर्डर कर देते हैं। मयंक ने हंसते हुए कहा।

हां पापा। मेरे लिए इडली सांभर। अन्मय ने तपाक से कहा।

और मेरे लिए डोसा, सांभर, चटनी। प्रणिका उछलती हुई बोली।

दिनकर चाचा ऑफिस के काम से दिल्ली गए हुए हैं। यहां होते तो छोले भटूरे के लिए कहते। अन्मय ने हंसते हुए कहा।

और सबके साथ अपना खाना शेयर करते। खाने का मजा तो चाचा ही लेते हैं। प्रणिका ने खिलखिला कर कहा।

कृतिका तुम क्या पसंद करोगी मयंक ने अपनी पत्नी से पूछा।

मैं तंदूरी रोटी और दाल फ्राई। कृतिका ने अपनी पसंद बताई।

ठीक है,मेरा आज उत्तपम खाने का मूड है। मयंक ने अपनी पसंद बताई।

चलो ठीक है लेकिन अब मम्मी पापा से भी तो पूछो। कृतिका ने सहजता से कहा।

हां,मैं उनके कमरे में जाकर पूछता हूं। मयंक ने सोफे से उठते हुए कहा।

मयंक ने देखा, मम्मी पापा सीढियां उतर कर नीचे आ रहे हैं। वह दोनों की प्रतीक्षा करने लगा।

मम्मी पापा आज आपका खाने का क्या विचार है मयंक ने हंसते हुए पूछा।

जो घर में बनेगा,वही खाएंगे बेटा। तपन जी ने अपने चिर-परिचित अंदाज में कहा।



वो तो ठीक है पापा लेकिन आज सुहावने मौसम को देखते हुए बाहर से खाना ऑर्डर करने का विचार है। मयंक ने हंसते हुए कहा।

अच्छा तो यह बात है! अरुणा जी ने आश्चर्य से पूछा।

हां मम्मी। सभी की इच्छा है इसलिए! मयंक ने कहा।

तो फिर हम दोनों के लिए दाल, चपाती और चावल। तपन जी ने कहा।

आपने तो मेरे मुंह की बात छीन ली। दरअसल मुझे भी वही खाना है जो तेरे पापा ने बताया है। अरुणा जी ने हंसते हुए कहा।

ओके। मयंक ने वहां से उठकर सोफे पर बैठते हुए कहा।

मयंक मोबाइल पर खाना ऑर्डर करने लगा। खाना ऑर्डर करने के बाद उसने देखा कि खाना आने में पच्चीस मिनट लगेंगे। इतना समय तो लगेगा ही। यह सोचकर मयंक सोफे पर पसर गया।

तपन जी और अरुणा जी वहां से उठकर बगीचे में आ बैठे।

आकाश में बिजली कड़कड़ाने लगी और थोड़ी देर बाद बारिश शुरू हो गई। तपन जी कभी आकाश की तरफ तो कभी सड़क पर देखने लगे। गाड़ियों की हेडलाइट में उन्हें बरसात की बड़ी बड़ी बूंदें दिखाई दे रही थी और गाड़ियां निकलने के बाद सड़क पर बहता हुआ पानी दिखाई देने लगा। तपन जी उस व्यक्ति के बारे में सोचने लगे जो ऑर्डर किया खाना लेकर आने वाला था।

आप क्या सोचने लगे अरुणा जी ने उत्सुकता से पूछा।

मैं तो उस व्यक्ति के बारे में सोच रहा हूं जो खाना लेकर आने वाला है। तपन जी ने बुझे स्वर में कहा।

तो आप क्यों अपना जी छोटा कर रहे हो अरुणा जी ने गंभीरता से कहा।

अरे भागवान! बरसात का मौसम है और तेज बरसात हो रही है। ऐसे में वो आएगा कैसे तपन जी ने आसमान की तरफ देखते हुए कहा।

अरे यह तो उनका रोजाना का काम है। फिर भी इस तेज बरसती बरसात में रुक रुक कर आएगा और क्या! अरुणा जी ने सहजता से कहा।

तपन जी सोचते रहे कि सड़कों पर पानी भरा रहता है, बरसात में साफ दिखाई भी नहीं देता। खाना लाने वाला किसी मुसीबत में न फस जाय। अचानक मेन गेट से मयंक बाहर निकल कर आया। कदाचित खाना लाने वाले का फोन आ चुका था। मयंक के पीछे पीछे तपन जी भी चल पड़े। वह व्यक्ति खाने की थैलियां देने लगा। तपन जी से रहा नहीं गया और उन्होंने उस व्यक्ति से पूछ ही लिया,बेटा धीरे-धीरे जाना। गाड़ी की स्पीड तेज मत रखना। जी आप सही कह रहे हैं। मैं आपकी बात का ध्यान रखूंगा। तेज बरसात के बाद घर से मां के भी कई फोन आ चुके हैं कि शंभू काम निबटा कर ध्यान से घर आना। ड्ड शंभू ने भाव विभोर होते हुए कहा। शंभू मोटरसाइकिल स्टार्ट कर वहां से चल पड़ा। आंखों से ओझल होने तक तपन जी भारी मन से शंभू को देखते रहे।

**तरुण कुमार दाधीच**
**36, सर्वऋतु विलास,मेन रोड,**
**उदयपुर (राज) 313001**
**संपर्क- 9414177572**

# किस्मत हो तो ऐसी



व्यंग्य
तीसरी आँख

सुना है दलाल बिना कोई हलाल नही होता ये एक कहावत है।आज प्रॉपर्टी और दलाल एक दूसरे के पर्याय बन गए है।यह दलालनुमा प्राणी बड़ा अजीब होता है।दोनो पक्षों को ऐसी बे सिर पैर की ढिंगे मारते है की लोग भरोसे की भैंस चरने को मजबूर हो जाते है। जो वास्तविक नहीं उसे बड़ा चढ़ा कर अफलातून बना देते है।सामनेवाले के मन के अंदर तक उतर जाते है। क्रेता विक्रेता इनका सहारा लेने को मजबूर हो जाते है। हमारे कडोडीमल ऐसे ही दक्ष दलाल है जो मिनिटो में क्रेता विक्रेता को बोतल में उतार लेते है।उनका लहजा कौशल और वाक पतु टा ऐसी कि गंजो को भी कंधी टिका दे। पिछले एक दशक से इनकी आर्थिक स्थिति हरी भरी हो गई है। करोड़िमल क्रेता विक्रेता को ऐसे घेरते है कि वो टूटने पर मजबूर हो जाते है।आजकल महानगर के चारो और कृषि भूमि को डेवलप कर इसे बेचने का दौर चला पड़ा है। टीम वर्क द्वारा इसमें बेरोजगार युवाओं को काम पर लगा कर उन्हे दक्ष कर रियलिटी एडवाइजर बना दिया जाता है। काम वही ग्राहकों को हलाल किया जाना। ऐसे ही हमारे करोड़ीमल जी है जो इतने दक्ष संपन्न है कि छोटे मोटे सौदे में हाथ ही नही डालते। एक या दो डील में इनकी साल भर की हरियाली हो जाती है। यह एक ऐसा पेशा और कार्य है कि जिसमे हिंग लगे ना फिटकरी रंग चोखा आ जाए कहवात सिद्ध होती है। अब हमारे करोड़ीमल ब्रोकर के साथ साथ बिल्डर और डेवोलेपर हो गए है। कुछ सौदे अटका कर महीनो में लाखो के खेल खेल लिए है। हमारे करोड़ीमल के बोलवचन और किस्मत ऐसी है सभी उन्हें अचरकता भारी नजरो से देखते है और उनके मुंह से निकल जाता है किस्मत हो तो ऐसी

**मोहम्मद हुसैन**
**हाटपिपलियवाला**
**2/1विजय नगर माणिक बाग**
**इंदौर**

# कॉलेजी तालीम को आठ चांद लगाने के इंतजाम...

बादशाह सलामत ने एक दिन शौक फरमाया कि क्योंर न कुछेक कॉलेजों को 'सुर्खाब के पर' लगवा दिए जाएं। ठुमक-ठुमक कर जब ये कॉलेज चलेंगे तो दुनिया देखती रह जाएगी कि, ' वाह क्या, कॉलेज बनवाया है इसमें पढ़ा तो एकदम बहादुर साहब बनके बाहर निकलेगा...एक तरफ से गंवार डालो, दूसरी तरफ से अप टू डेट बहादुर साहब निकालो।' ऐसे कालेजों के रख-रखाव के लिए मोर के पंखों वाले। नयनाभिराम नृत्ये में प्रवीण। गिटगिट-किटकिट अंग्रेजी बोलने वाले श्रेष्ठन नायबों की जरूरत पड़ेगी। बादशाह हुजूर ने खटाकदनी नायब की कुर्सी के ख्वा इशमंदों को बुलाया और बोली,' कम हियर! चलो अब तुम्हांरा इंटरव्यूग होगा।' नायबी के शौकीनों की भीड़ लग गई। हुजूर ने सबसे एक ही सवाल पूछा, ' नायब की कुर्सी में बैठने पर तुम नया क्याज करोगे ' 'नया क्याी करोगे' को सभ्रांत भाषा में 'नवाचार करना' कहा जाता है। तमाम इंटरव्यू वों के बाद हुजूर सलामत को जो जवाब सबसे पसंद आया, उसे सारे जड़-जंगम में जाहिर किया गया। अव्वनल नंबर पर सवारी करने वाले नायब ने कुछ इस तरह जवाब दिए, मैं अपना सारा ध्याकन मीडिया में कॉलेज का विज्ञापन करने में लगाउंगा। मंहगे विज्ञापनों में लिखवाउंगा, खुल गया! खुल गया!! खुल गया!!! आपके शहर में युवाओं को क्वालिटी एजुकेशन से सराबोर करने के लिए, उच्च शिक्षा का बेस्ट क्वालिटी वाला सुपरस्पेशलिटी कॉलेज, खुल गया! डिग्री के लिए आइए, कमाई के लिए जाइए। 2. शासन से आल टाइम, आल वेदर, परमानेंटली फुल मान्यता प्राप्तं। 2. भव्य बिल्डिंग। लैट्रीन-बाथरूम में भी एसी कनेक्टेड। 3. माडर्न प्रयोगशालाएं। इनमें जाए बिना, काम किए बिना...सारे एक्सपेरिमेंट्स डन हो जाते हैं। 4. सभी विषयों का ज्ञान रखने वाले ज्ञानी , ध्यानी, वरदानी, बेपानी, औघड़धानी...गुरु-गंभीर प्राणी। जिनकी नहीं कहीं कोई सानी। देखने में हीरो... पढ़ाने में...... सुपर हीरो। 5. कॉलेज में युवा स्टूडेंट्स को हर तरह की छूटें सारी सुविधाएं उपलब्ध 6. एडमिशन लीजिए, फिर आने की जरूरत नहीं। यहां स्टडी करके समय बर्बाद करने की जगह, देश के युवा उसका सदुपयोग, राजनीति, व्यवसाय, सोशल मीडिया, लूडो, सांप-सीढ़ी, जंगली रमी, पब्बजी.. इत्यादि में कर सकते हैं। 7. ऐसा कॉलेज जिसमें परीक्षा में अपने स्थान पर किसी दूसरे को बिठाने के तमाम इंतजाम, पैकेज के तहत मिलते हैं। 8. नकल प्रेमियों के लिए, असल परीक्षार्थी जैसी व्यवस्था। कंसल्टेंसी हेतु विशेषज्ञों की मौजूदगी। 9. हमारे इंटीट्यूशन में उत्तर पुस्तिका, फुर्सतानुसार घर पर लिखने की सुविधा उपलब्धन है। 10. ऐसे दैदीप्यमान विद्यार्थी, जो कभी उत्तीर्ण नहीं हो सकें हों, उन्हें उच्चतम श्रेणी में उत्तीर्ण करने की गारंटी, सिर्फ यह कॉलेज देता है। 11. शिक्षा-हीन और परीक्षा-विहीन, उपाधि पाने के लिए एडमीशन लेकर, हमारी सेवाओं का लाभ उठाएं। बतौर नायब, मैं शिक्षा में इसी तरह के और भी नवाचार करूंगा, जिससे कॉलेजी तालीम को आठ चांद लग जाएंगे।

**डॉ. प्रदीप मिश्र , डी-1 राम विहार, सतना म.प्र., 9827063496**



कहानी

# आस

बाबा रुको! मैं घर से आपके लिए कंबल लाती हूं. उस हाड कंपा देने वाली ठंड में वह बाबा आसपास से कुछ सीली हुई लड़कियों को इकट्ठा करके आग जलाने की कोशिश कर रहे थे कारण,अभी बस शाम के 6 ही बजे थे पर ठंड और कोहरे के कारण ऐसा प्रतीत होता था कि मानो आधी रात बीत गई हो ।

मेरा शाम को घूमने का रोज का ही नियम था उन बाबा को भी मैं रोज इसी तरह पुराने स्वेटर और एक सूती धोती में देखा करती थी पर आज जब मेरी उन पर नजर पड़ी तो मुझे रहा न गया और उन्हें कंबल का आश्वासन देकर अपने हाथों को कोट की जेब में डालकर गर्म करने की कोशिश के साथ घर की ओर चल पड़ी, पर रास्ते में मेरी सोसाइटी में ही रहने वाले कुछ लोग मिल गए जिनसे सोसाइटी के कुछ मुद्दों पर बात जो हमेशा ही बेनतीजा रहती है, फिर भी बातें करती रही । जब विषयांतर होने लगा तो मैं झुंजलाती हुई घर पहुंच गई । नतीजा यह हुआ कि बाबा को दिए आश्वासन को ही भूल गई।

हम आरामदायक जीवन जीने वाले जब अपने आराम में आ जाते हैं तो ज्यादातर उन लोगों को भूल जाते हैं जो बेबस और परेशान हैं ।

सुबह उठकर तैयार होकर जब स्कूल के लिए निकली तो देखा सोसाइटी के गेट पर बहुत भीड़ है, मैंने जानने की कोशिश की तो पता चला कि वह बाबा अब नहीं रहे; ओह! मेरे मुंह से एकाएक निकला और कल शाम की बाबा से संबंधित घटना मेरे सामने घूमने लगी। बाबा मेरे कारण आज नहीं है ,अगर मैंने भरोसा नहीं दिया होता कि मैं कंबल लेकर आ रही हूं तो यह बाबा आज जरूर जीवित होते। मैंने ही उन्हें आस दिखाई थी जिसके कारण उन्होंने अपनी ठंड से बचने का कोई उपाय नहीं किया उफ! हे ईश्वर! यह मुझ से क्या हो गया, न चाहते हुए भी उनकी मौत की जिम्मेदारी मेरी ही है ; मैंने आस दिखाकर विश्वास तोड़ दिया पर मुझ में इतना साहस भी नहीं था कि उस भीड़ के सामने अपना अपराध कबूल कर पाती और उन बाबा के चरणों में गिरकर माफी मांग पाती। उस दिन मुझे सबक मिला चाहे किसी को देने से मना कर दो पर किसी को आस दिखा कर उसकी आस न तोड़ो

**दीपा शर्मा**
**प्राचार्यद्य**
**फरीदाबाद**

# बाजारवाद के मकड़ जाल में उलझा उपभोक्ता



पड़ौसी लाल, जो हमेशा उदास चिंतित नजर आते थे, आज बहुत ही खुश मिजाज लग रहे थे। बाल भी काले कर लिए थे और चेहरे पर मंद मंद मुस्कान चमक रही थी।

हमने उनसे पूछा -- क्या बात है! आज तो आप बड़े खुश नजर आ रहे हो। ऐसा भी नहीं लग रहा है कि कोई गम छुपा रहे हो।

पडौसी लाल जी ने कहा- सिंह साहब, सबसे पहले तो मुझे आप कहकर संबोधित नहीं किया करें क्योंकि आप सुनकर मुझे अपने अंदर कट्टर ईमानदार की फीलिंग सी आने लगती है और फिर हमारी आंखों के सामने तिहाड़ जेल घूमने लगता है। खैर छोड़िये, आजकल हमने खुश रहना सीख लिया है। अब देखिये न हर उम्र एक अलग तरह की खूबसूरती लेकर आती है, उसका आनंद लीजिये, बाल रंगने है तो रंगिये, वज़न कम रखना है तो रखिये, मनचाहे कपड़े पहनने है तो पहनिए,बच्चों की तरह खिलखिलाइये, अच्छा सोचिये, अच्छा माहौल रखिये, शीशे में दिखते हुए अपने अस्तित्व को स्वीकारिये।


सिंह साहब, कोई भी क्रीम आपको गोरा नही बनाती, कोई शैम्पू बाल झड़ने से नही रोकता, कोई तेल बाल नही उगाता, कोई साबुन आपको बच्चों जैसी स्किन नही देता। किसी क्रीम/गुटखा में केसर नही होती, क्योंकि 2 ग्राम केसर भी 500 रुपए से कम की नही होती, न किसी टूथपेस्ट में नमक होता है न किसी में नीम। चाहे वो किसी भी कंपनी का हो .....सब सामान बेचने के लिए झूठ बोलते हैं। ये सब कुदरती होता है। उम्र बढ़ने पर त्वचा से लेकर बॉलों तक मे बदलाव आता है।

पुरानी मशीन( गाड़ी) को ख्ड्डद्बठ्ठह्लड्डद्बठ्ठ करके बढ़िया चला तो सकते हैं, पर उसे नई नही कर सकते।

सिंह साहब, देखिये न प्रत्येक व्यक्ति में कोई न खामी होती है। कोई बात नही अगर आपकी नाक मोटी है तो,कोई बात नही आपकी आंखें छोटी हैं तो,कोई बात नही अगर आप गोरे नही है....

फिर भी हम सुंदर हैं, हमें अपनी सुंदरता को पहचानना आना चाहिये।

दूसरों से कमेंट या वाह वाही लूटने के लिए सुंदर दिखने से ज्यादा ज़रूरी है, अपनी सुंदरता को महसूस करना। हर बच्चा सुंदर इसलिये दिखता है कि वो छल कपट से परे मासूम होता है और बडे होने पर जब हम छल व कपट से जीवन जीने लगते है तो वो मासूमियत खो देते हैं ...और उस सुंदरता को पैसे खर्च करके खरीदने का प्रयास करते हैं।



व्यंग्य
अरण्यरोदन

इसलिये हमनें मन की खूबसूरती पर ध्यान देना शुरू कर दिया है। पेट निकल गया तो कोई बात नही उसके लिए शर्माना ज़रूरी नही। आपका शरीर आपकी उम्र के साथ बदलता है तो वज़न भी उसी हिसाब से घटता बढ़ता है उसे समझिये।

आजकल सारा इंटरनेट और सोशल मीडिया तरह तरह के उपदेशों से भरा रहता है, यह खाओ, वो मत खाओ, ठंडा खाओ, गर्म पीओ, कपाल भाती करो, सवेरे नीम्बू पानी पीओ,रात को दूध पीओ, ज़ोर से सांस लो, लंबी सांस लो, दाहिने से सोइये, बाहिने से उठिए,हरी सब्जी खाओ, दाल में प्रोटीन है,दाल से क्रिएटिनिन बढ़ जायेगा।

अगर पूरे एक दिन सारे उपदेशों को पढ़ने लगें तो पता चलेगा ये ज़िन्दगी बेकार है ना कुछ खाने को बचेगा ना कुछ जीने को !!आप डिप्रेस्ड हो जायेंगे। ये सारा ऑर्गेनिक, एलोवेरा, करेला, मेथी, में फंसकर दिमाग का दही हो जाता है। स्वस्थ होना तो दूर टैंशन हो जाता है। सही कह रहे हैं पडौसी लाल जी आप, अरे! अपन मरने के लिये जन्म लेते हैं, कभी ना कभी तो मरना है। अभी तक बाज़ार में जहर तो खूब बिक रहा है लेकिन अमृत बिकना शुरू नही हुआ। इसलिये हर चीज़ सही मात्रा में खाइये, हर वो चीज़ थोड़ी थोड़ी जो आपको अच्छी लगती है। भोजन का संबंध मन से होता है, और मन अच्छे भोजन से ही खुश रहता है। मन को मारकर खुश नही रहा जा सकता। हां थोड़ा बहुत शारीरिक कार्य करते रहिए,टहलने जाइये, लाइट कसरत करिये,व्यस्त रहिये, खुश रहिये,शरीर से ज्यादा मन को सुंदर रखिये।

सिंह साहब,आपके पास यदि मारुति 800 हो या बीएमडब्ल्यू, इससे कोई फर्क नहीं क्योंकि सड़क तो वही रहेगी। आप इकोनॉमी या बिजनेस क्लास में सफर करें, वक्त उतना ही लगेगा।


आपके पास एप्पल हो या सैमसंग, कॉल करने वाले लोग वही रहेंगे। आप टाइटन पहनें या रोलेक्स, समय वही रहेगा।

सिंह साहब,भव्य जीवन की लालसा रखने में कोई बुराई नहीं है।याद रखें कि जरूरतें पूरी हो सकतीं हैं, तृष्णा नहीं। पैसे वालों का आधा जीवन तो यही जताने में चला जाता है कि वे पैसे वाले हैं। सिंह साहब, लगता है आज मैं कुछ ज्यादा ही बोल गया। बाबू मोशाय, यह जिंदगी भी अजीब रंग दिखाती है, ज्यादा बोलो तो पागल, कम बोलो तो घमंडी, और काम की बात बोलो तो मतलबी, कहलाते हैं। पडौसी लाल जी आज आपने अपने मन की भड़ास निकाल दी। आज कल सच बोलना गुनाह हो गया है। आज आम जनता को बाजारीकरण के लुभावने मकड़जाल में फंसा कर ये कम्पनियां अपना उल्लू सीधा करने में लगी हुई हैं। वर्तमान में यही सब हो रहा है और आम जन झूठे दिखावे के चक्कर में लुटते जा रहे हैं।

**डॉ .प्रदीप शशांक**
**श्रीकृष्णम ईको सिटी,**
**श्रीराम इंजीनियरिंग कॉलेज के पास**
**कटंगी रोड, माढ़ोताल,**
**जबलपुर म.प्र.482002**

## विचार प्रवाह

# संपर्क तो बहुत पर सच्चा रिश्ता मुश्किल से



कनेक्शन और संपर्क दो अलग-अलग शब्द हैं जिनका दो चीजों के जुड़ने के तरीके से लेना-देना है। लेकिन, कनेक्शन दो वस्तुओं के बीच भौतिक संबंध को संदर्भित करता है, जबकि संपर्क उस तरीके को संदर्भित करता है जिसमें दो वस्तुएं एक-दूसरे से जुड़ी या जुड़ी होती हैं। एक युवा पेशेवर द्वारा एक पुराने शिक्षक का साक्षात्कार लिया जा रहा था। पेशेवर ने पूर्व नियोजित योजना के अनुसार शिक्षक का साक्षात्कार लेना शुरू किया।युवा पेशेवर- सर, अपने पिछले व्याख्यान में आपने हमें बताया था ÷संपर्क÷ और कनेक्शन÷, यह वास्तव में भ्रमित करने वाला है। क्या आप समझा सकते हैं? शिक्षक मुस्कुराए और स्पष्ट रूप से प्रश्न से विचलित होकर युवा पेशेवर से पूछा- क्या आप इसी शहर से हैं?

पेशेवर हाँ! टीचर- घर में कौन कौन हैं?

पेशेवर ने महसूस किया कि शिक्षक उसके प्रश्न का उत्तर देने से बचने की कोशिश कर रहा था; क्योंकि यह एक बहुत ही व्यक्तिगत और अनुचित प्रश्न था। फिर भी युवा पेशेवर ने कहा: मां का देहांत हो गया था। पिता हैं, तीन भाई और एक बहन! सभी की शादी हो चुकी है! शिक्षक ने अपने चेहरे पर मुस्कान के साथ फिर पूछा- क्या आप अपने पिता से बात करते हैं?

युवा पेशेवर नाराज दिख रहा था! शिक्षक: आपने उनसे आखिरी बार कब बात की थी? युवा पेशेवर ने अपनी झुंझलाहट को दबाते हुए कहा- एक महीने पहले! शिक्षक: क्या आपके भाई-बहन अक्सर मिलते हैं? आप आखिरी बार पारिवारिक सभा के रूप में कब मिले थे?इस बिंदु पर युवा पेशेवर के माथे पर पसीना आ गया। ऐसा लगता था कि शिक्षक युवा पेशेवर का साक्षात्कार ले रहे थे। पेशेवर ने कहा: हम आखिरी बार दो साल पहले त्योहार पर मिले थे। टीचर : तुम सब कितने दिन साथ रहे?

पेशेवर ने अपने माथे पर पसीना पोंछते हुए कहा तीन दिन! शिक्षक: आपने अपने पिता के साथ कितना समय बिताया ठीक उनके पास बैठकर?

युवा पेशेवर परेशान और शर्मिंदा दिख रहा था और एक कागज पर कुछ लिखने लगा!

शिक्षक: क्या आपने नाश्ता, दोपहर का भोजन या रात का खाना एक साथ किया? क्या आपने पूछा कि वो कैसे हैं? क्या आपने पूछा कि माँ की मृत्यु के बाद उनके दिन कैसे बीत रहे हैं? युवा पेशेवर की आँखों से अश्रुधारा बहने लगी। शिक्षक ने युवा पेशेवर का हाथ पकड़ा और कहा: शर्मिंदा, परेशान या उदास मत हो। मुझे खेद है अगर मैंने आपको अनजाने में चोट पहुंचाई है, लेकिन यह मूल रूप से आपके प्रश्न का उत्तर है! संपर्क और कनेक्शन आपका अपने पिता के साथ संपर्क है लेकिन आपका कनेक्शन नहीं है। आप उनसे जुड़े नहीं हैं। कनेक्शन दिल और दिल के बीच होता है! एक साथ बैठना, भोजन करना और एक-दूसरे की देखभाल करना, छूना, हाथ मिलाना, आँख मिलाना, कुछ समय एक साथ बिताना! आपके सभी भाई-बहनों का एक-दूसरे से संपर्क है लेकिन कोई कनेक्शन नहीं है! युवा पेशेवर ने अपनी आँखें पोंछीं और कहा: धन्यवाद सर, मुझे एक अच्छा और अविस्मरणीय पाठ पढ़ाने के लिए।यही है आज की हकीकत। चाहे घर में हो या समाज में सभी के बहुत सारे संपर्क हैं, लेकिन कोई संबंध नहीं है। सब अपनी अपनी दुनिया में मशगूल हैं! आइए न रहे। संपर्क में, लेकिन कनेक्टेड बने रहें, केयरिंग, शेयरिंग समय बिताते हुए हमारे सभी प्रियजनों के साथ!*घमंडी व्यक्ति जीवन में सफल नहीं हो सकता है। जिस व्यक्ति में एक बार घमंड पैदा हो गया तो वह अपने आगे किसी को भी नहीं मानता है। जब व्यक्ति का घमंड टूटता है तो वह अर्श से फर्श पर होता है लेकिन हम अच्छे संस्कारों से बुराई पर जीत हासिल कर सकते हैं। हमारे नैतिक मूल्य अच्छे घर, परिवार, समाज व देश की पहचान होते हैं। नैतिक मूल्यों का आधार हमारी प्राचीन संस्कृति है। मनुष्य की अमूल्य निधि उसकी संस्कृति और संस्कार होते हैं। यह एक ऐसी निधि है जिससे व्यक्ति सुसंस्कारित तथा सभ्य सामाजिक प्राणी बनता है। साथ ही यह हर प्रतिकूल परिस्थिति को अपने अनुकूल बनाने की क्षमता पैदा करती है।बच्चे देश का भविष्य होते हैं परंतु नैतिक मूल्यों की कमी उनके जीवन को तबाह कर सकती है। बच्चों को नैतिक मूल्यों की जानकारी देना आवश्यक है। नैतिकता ही वह खूबी है जो हमारे सामाजिक, सभ्य और सुसंस्कारित होने की पहचान करवाती है और जीवन को बेहतर ढंग से जीना सिखाती है। बच्चों के नैतिक मूल्यों को मजबूत बनाने के लिए जरूरी है कि हम घर का वातावरण अच्छा बनाए रखें, बच्चों को शेयरिग और केयरिग की सीख दें। बच्चों को मानवता की इज्जत करना सिखाएं तथा ईमानदारी का पाठ पढ़ाएं।

**ऊषा शुक्लाइफ़को आँवला बरेली यूपी**

## राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**इंदौर** शासकीय महाविद्यालय पीथमपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस हर्षोल्लाह से मनाया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉक्टर विनोद खत्री ने विद्यार्थियों से राष्ट्रीय सेवा योजना की महत्वता बताते हुए कहा की राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान देती है इस अवसर पर उन्होंने भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा संचालित राष्ट्रव्यापी स्वच्छता ही सेवा अभियान पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सभी को इस अभियान में पूरी ईमानदारी से सहयोग देना चाहिए जिससे विद्यार्थियों में मिलजुल कर काम करने की भावना का विकास होता है।

### मध्यभारत के सबसे बड़े फैशन शो के लिए तैयार हैं एनआईएफडी ग्लोबल, इंदौर के स्टूडेंट्स

# प्रेजेंट स्टूडेंट के साथ एलुमनाई और नामी डिजाइनर्स भी करेंगे अपना कलेक्शन प्रेजेंट

**इंदौर।** अपर सफलता के बाद स्टूडेंट्स के लिए मौके देने के लिए इस साल एनआईएफडी ग्लोबल इंदौर का मध्य भारत के सबसे बड़ा फैशन शो 27, 28 एयर 29 सितंबर को होने के लिए पूरी तरह तैयार है। तीन दिवसीय एनआईएफडी ग्लोबल इंदौर टाइम्स फैशन वीक-2024 इस साल होटल ग्रैंड शेरेटन में होगा। स्टूडेंट्स अपने स्पेशल एनआईएफडी ग्लोबल राउंड के लिए अंतिम तैयारियों में जुटे है। पूरा एक दिन इसी के नाम होगा।

एनआईएफडी ग्लोबल इंदौर के फैशन डिजाइनिंग के स्टूडेंट्स ने इस साल देश के कोने कोने के कल्चर से लेकर विदेश तक की संस्कृति और रेट्रो थीम पर काम किया है। बीते 1 महीने से अपने मेंटर, एचओडी और फैकल्टी के साथ रात दिन 90 से ज्यादा स्टूडेंट्स गारमेंट तैयार कर रहे हैं। पहले दिन एनआईएफडी ग्लोबल के स्टूडेंट्स का कलेक्शन रैंप पर होगा, जिसके लिए एनआईएफडी ग्लोबल, इंदौर की फैशन



डिजाइनिंग की वर्कशॉप में सुबह से देर शाम तक चहल-पहल नजर आ रही है। इस साल 4 थीम पर रैंप पर गारमेंट प्रेजेंट किए जाएंगे। पहली थीम को ब्लूमिंग इंडिया, दूसरी को ग्लोबल कैनवास, तीसरी को वर्ल्ड ऑफ फैंटसी और चौथी थीम को इन टू द फ्यूचर नाम दिया गया है। एनआईएफडी ग्लोबल इंदौर की फैशन डिजाइनिंग की एचओडी सोनिका भगत ने बताया कि मेंटर सौरभ कांत श्रीवास्तव और हम सभी के गाइडेंस में स्टूडेंट्स, पिछले एक महीने से अपने



क्रिएटिव आइडियाज को लेकर आने के लिए जमकर मेहनत कर रहे हैं। 60 स्टूडेंट्स ऐसे भी हैं, जो वोलेंटियर के रूप में बैक स्टेज काम करेंगे।

ब्लूमिंग इंडिया :

फ्यूजन थीम राउंड में देश के हर कोने की संस्कृति, रॉक एंड रोल थीम राउंड में इंडियन बॉलीवुड, फोक थीम राउंड में मेजिकल, मिथिकल से जुड़ी संस्कृति

ग्लोबल कैनवास :

रेट्रो थीम राउंड में देश-दुनिया का फैशन, आर्ट गैलरी थीम राउंड में दुनिया के मशहूर आर्ट से जुड़े गारमेंट और विक्टोरियन एरा थीम राउंड में गारमेंट

वर्ल्ड ऑफ फैंटसी :

इस राउंड में थीम को यूनिवर्स, स्टार पर फोकस किया गया है। रैंप पर नियोन कलर्स गारमेंट के अलावा शाइनी फेब्रिक नजर आएंगे।

इन टू द फ्यूचर :

रिसायकल मटेरियल का इस्तेमाल करके वेस्टर्न और हाई फैशन गारमेंट तैयार किए गए है। इसी राउंड में डिजिटल प्रिंट के इस्तेमाल के गारमेंट भी रैंप पर नजर आएंगे।

एनआईएफडी ग्लोबल, इंदौर की चेयरपर्सन श्रीमती साधना तोड़ी ने बताया कि स्टूडेंट्स पिछले 1 महीने से तैयारी कर रहे हैं। पहला दिन पूरी तरह एनआईएफडी ग्लोबल के स्टूडेंट्स के नाम होगा। हमने इसका दायरा बढ़ाया है। दूसरे दिन और तीसरे दिन नामी डिजाइनर्स के साथ ही सेलिब्रिटी डिजाइनर्स के कलेक्शन रैंप पर होंगे।

# जन भागीदारी समिति की बैठक संपन्न, दानदाता स्कूल में देगे भवन सामाग्री

**इंदौर।** शासकीय महाविद्यालय पीथमपुर जनभागीदारी समिति की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न शासकीय महाविद्यालय पीथमपुर जिला धार की जनभागिदारी समिति की बैठक बुधवार को विजय प्रहलाद पाटीदार की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

जिसमें मुख्य रूप से अनुविभागीय अधिकारी पीथमपुर शाश्वत शर्मा, जनभागीदारी समिति सचिव/प्राचार्य डॉ. विनोद खत्री के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। जनभागीदारी अध्यक्ष पाटीदार द्वारा



मनोनीत जनभागीदारी समिति सदस्य सुखदेव पटेल, विक्की शर्मा, शुभम यादव, हंसराज पटेल, किशोर दहिया, ईश्वर मोहते, अनिल परमार, मनीष प्रजापत, देवीसिंह रघुवंशी एवं महाविद्यालयीन सदस्य डॉ. अनीता मालवीय, डॉ. संघमित्रा अवसरे एवं जनभागीदारी समिति प्रभारी डॉ. संजय प्रसाद उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में महाविद्यालय गतिविधियों के संचालन से सम्बंधित विभिन्न प्रस्तावो पर स्विकृति प्रदान की गई जिसमें महाविद्यालय के भवन निर्माण हेतु भूमि के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी श्री शाश्वत शर्मा द्वारा भूमि की उपलब्धता के संबंध में अवगत करवाया गया एवं महाविद्यालय गतिविधियों के विकास हेतु विभिन्न कम्पनियों, संस्थाओं जनप्रतिनिधियों, दानदाताओं से सहयोग राषि एकत्रित करने हेतु कार्ययोजना बनवाने हेतु प्रस्ताव पारीत किया गया।

श्री नितिन चैहान विधायक प्रतिनिधि एवं श्री विक्की शर्मा द्वारा महाविद्यालय के लिए वाटर कूलर एवं फर्नीचर उपलब्ध कराने हेतु सहयोग कराया जावेगा। जनभागीदारी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव एवं सभी सदस्यों द्वारा मिलकर महाविद्यालय एवं छात्रहित में कार्य करने हेतु आष्वस्त किया गया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. विनोद खत्री सचिव/प्राचार्य जनभागीदारी समिति के आभार व्यक्त किया गया।

## कपास निगम में हिन्दी सप्ताह का आयोजन



भारतीय कपास निगम लिमिटेड,के शाखा कार्यालय इंदौर में हिन्दी सप्ताहका आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ शाखा प्रमुख श्री अभिजीत शर्मा, उपमहाप्रबंधक के द्वारा किया गया। जिसमें निगम में कार्यरत समस्त कर्मचारियों ने राजभाषा हिन्दी का प्रयोग ,प्रचार और प्रसार बढाने के लिए हरसंभव प्रयास करने की शपथ ली। कार्यालय में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। तत्पश्चात अन्ताक्षरी एवं प्रश्न -मंचप्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शा.का.इंदौर में हिन्दी सप्ताह समापन समारोह के मुख्य अतिथी श्री हरेराम बाजपेई जी थे ।सहायक प्रबंधक (वित्त/लेखा) महोदय के द्वारा आभार प्रकट किया गया। मंच संचालन श्रीमती अभिलाषा गौर वालिया द्वारा किया गया ।

### बच्चों की राह ताक रहे साढ़े पांच हजार सरकारी स्कूल

# अब आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत सचिव कराएंगे स्कूलों में प्रवेश

**इंदौर** मप्र में जहां एक तरफ सरकारी सीएम राइज स्कूलों में बच्चों के एडमिशन के लिए लंबी वेटिंग रहती है, तो वहीं, दूसरी ओर पहले से चल रहे सरकारी स्कूलों में बच्चों का एडमिशन कराने में अभिभावक रुचि नहीं ले रहे हैं. जिससे राज्य में करीब साढ़े पांच हजार सरकारी स्कूल ऐसे हैं जहां बच्चों की संख्या शून्य हो गई है। यानी अब ये स्कूलस बच्चों की राह ताक रहे हैं। ऐसे में स्कूल शिक्षा विभाग अब सरकारी स्कूलों में प्रवेश बढ़ाने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, ग्राम पंचायत सचिव और ग्राम पंचायत में रोजगार सहायकों को टारगेट देने के निर्देश दिए हैं। स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने कहा है सभी कर्मचारी स्कूलों में 100 प्रतिशत प्रवेश के लिए घर-घर तक जाएं।

राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जारी किए गए वार्षिक आंकड़े में बताया गया है कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 में 5500 स्कूल ऐसे हैं, जहां पहली कक्षा में एक भी एडमिशन नहीं हुआ है। यानि कि इन स्कूलों में अब पहली कक्षा 0 ईयर घोषित की जाएगी। वहीं करीब 25 हजार स्कूल ऐसे हैं, जहां 1-2 एडमिशन ही हुए हैं। प्रदेश में 11,345 स्कूलों में केवल 10 एडमिशन हुए। इसी तरह करीब 23 हजार स्कूल ऐसे भी हैं, जहां मात्र 3 से 5 बच्चों ने ही एडमिशन लिया है। प्रदेश में जिन साढ़े पांच हजार सरकारी स्कूलों में इस वर्ष प्रवेश नहीं हुए उनमें से सिवनी जिला सबसे ऊपर है। यहां 425 सरकारी स्कूलों में जीरो प्रवेश हुए हैं। जबकि दूसरे नंबर पर सतना जिला है यहां 303 स्कूलों में जीरो एडमिशन हुए हैं। तीसरे नंबर पर नरसिंहपुर जिला है जहां 299 स्कूलों में एक भी एडमिशन नहीं हुए। इसी प्रकार खरगोन में 287 स्कूल, बैतूल में 265 स्कूल, सागर में 258 स्कूल, विदिशा में 258 स्कूल, रायसेन में 207 स्कूल, मंदसौर में 193 स्कूल, देवास में 181 स्कूलों में एक भी प्रवेश इस वर्ष नहीं हुए हैं। इस प्रकार प्रदेश के 5,501 ऐसे स्कूल हैं जहां इस वर्ष जीरो प्रवेश रहा है। सरकारी स्कूलों को नहीं मिल रहे छात्र सरकारी स्कूलों में बच्चों को एडमिशन नहीं लेने को लेकर कहा जाता है कि अधिकतर स्कूल अतिथि शिक्षकों के भरोसे चल रहे हैं। नियमित शिक्षकों की कमी है। निजी स्कूल की अपेक्षा सरकारी स्कूलों में गुणवत्ता की कमी है।

सरकारी स्कूलों में टायलेट, पेयजल और भवन समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमी है। वर्तमान में अभिभावक अपने बच्चों को इंग्लिश मीडियम में पढ़ाना चाहते हैं, लेकिन अधिकतर सरकारी स्कूलों में इंग्लिश मीडियम के टीचर नहीं हैं। वहीं, सरकारी स्कूल के बच्चों को दिया जाने वाला मध्यान्ह भोजन और निशुल्क यूनीफार्म-किताब वितरण में बच्चों को सरकारी स्कूल बुलाने में कमजोर साबित हो रहा है।

व्यवस्था को बेहतर बनाने की बनाएंगे रणनीति विशेषज्ञों का कहना है कि सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की लगातार कमी और व्यवस्थाओं की कमी के चलते इस वर्ष अभिभावकों ने अपने बच्चों के प्रवेश में रुचि नहीं दिखाई है। प्रदेश की ज्यादातर स्कूल अतिथि शिक्षकों के सहारे चलाए जा रहे हैं। यहां शिक्षकों की कमी के चलते अतिथि शिक्षकों की भर्ती की जाती है। इस बार अतिथि शिक्षकों के लिए नियम बदलने से अभी तक भर्ती प्रक्रिया पूरी नहीं की जा सकी है। यही वजह है कि छात्र-छात्राओं की पढ़ाई अभी तक शुरू नहीं हो पाई है। वहीं प्रवेश में कमी की दूसरी वजह सरकारी स्कूलों में समुचित व्यवस्थाएं जैसे टॉयलेट, पानी की व्यवस्था नहीं होना भी माना जा रहा है। स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने निर्देश दिए हैं कि सरकारी स्कूलों में कक्षा पहली में शत-प्रतिशत बच्चों का प्रवेश हो, यह सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने सरकारी स्कूलों में मिलने वाली सुविधाएं जैसे निःशुल्क गणवेश, पाठ्य-पुस्तकें और मध्यान्ह भोजन की जानकारी शिक्षकों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सचिव और रोजगार सहायक के माध्यम से बच्चों के अभिभावकों के घर-घर तक पहुंचने के लिए भी कहा है।

# अग्रवाल वैश्य समाज का 38 वा अखिल भारतीय दो दिवसीय परिचय सम्मेलन

अग्रवाल वैश्य समाज का 38 वा अखिल भारतीय दो दिवसीय परिचय सम्मेलन राजीव गांधी चौराहे स्थित गार्डन में आयोजित होगा। सम्मेलन में 12 राज्यो और विदेशों से दो हजार से अधिक प्रविष्ठियों के प्राप्त होने का अनुमान हैं। परिचय सम्मेलन फॉर्म का विमोचन दैनिक भास्कर के डायरेक्टर एवं वैश्य कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष गिरिश अग्रवाल के कर कमलों से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर पूर्व गृहमंत्री उमाशंकर जी गुप्ता वरिष्ठ समाजसेवी विनोद अग्रवाल दिनेश मित्तल विष्णु बिन्दल अरविन्द बागड़ी भी उपस्थित थे।

ग्रुप समन्वयक राजेश गर्ग संचालक शिव जिन्दल अध्यक्ष हरीश अग्रवाल ने बताया की सम्मेलन की सभी तैयारिया वरिष्ठ समाजसेवी श्री प्रेमचंद जी गोयल के मार्गदर्शन में प्रारंभ कर दी गई है। लगातार 37 परिचय सम्मेलन आयोजित करने वाली एकमात्र संस्था



हैं जिसके माध्यम से अब तक पंद्रह हजार से अधिक सम्बन्ध तय हुए है। प्रविष्टि प्रकाशन निःशुल्क रहेगा। प्रविष्ठियां 9303230264 99260 22522 पर व्हाट्सएप पर भी दी जा सकती हैं। साथ ही देश भर में 500 से अधिक सेन्टर्स पर यह फॉर्म उपलब्ध रहेंगे। सभी प्रत्याशी अभिभावक ऑनलाईन भी फॉर्म भर सभी प्रविष्टियों को मल्टीकलर परिचय पुस्तिका में प्रकाशित किया जावेगा। सम्मेलन की व्यस्थाओ के लिये गठित समितियों में विनोद गोयल राजेन्द्र गुप्ता एस आर गुप्ता संजय मंगल राजकुमार बंसल मनीष मित्तल निरंजन गुप्ता बी एम गुप्ता हरिस्वरूप अग्रवाल कमलेश मित्तल गोपाल गर्ग वर्षा बंसल को प्रभारी बनाया गया है

## संस्था समृद्ध वकीलों को देगी ज्ञापन, नशे में लिप्त आदतन अपराधियों की पैरवी नही करने की करेंगे मांग

**इंदौर।** संस्था समृद्ध द्वारा लगातार नशे मुक्ति को लेकर अभियान चलाया जा रहा है, शहर में नशाखोरी बढ़ती जा रही है, पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई हो रही है, अब संस्था वकीलों को ज्ञापन देकर नशे में लिप्त आदतन अपराधियों के केस नहीं लड़ने की मांग करेगी।

संस्था के अध्यक्ष लक्की अवस्थी ने बताया कि जिला कोर्ट और हाई कोर्ट के वकीलों से संस्था मुलाकात करेंगी और नशे में लिप्त आदतन अपराधियों नशा कारोबारी के केस में पैरवी नहीं करने की मांग करके ज्ञापन देगी। शहर में लगातार नशाखोरी बढ़ती जा रही है,नशे में लिप्त आदतन अपराधी शहर में नशा बेचकर अपराध करते है पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार गिरफ्तारी करके कार्रवाई की जा रही है। संस्था वकीलों को ज्ञापन देकर केस की पैरवी नहीं करने की मांग करेगी जिससे कि नशे के आदतन अपराधियों को सजा हो सके और इंदौर नशे मुक्ति की ओर अग्रसर हो।



इकतारा बोले....

डॉ टी महादेव राव
विशाखापटनम
9394290204



## चश्मा उतारो फिर देखो यारों

भाई जी आप पेपर पढ़ते पढ़ते काहे मुस्कुरा रहे हैं?

मन तो चाह रहा है कि ठहाके लगाऊं पर मैं हूं कि मुस्कुराहट से काम चला रहा हूं। बयान आपने पढा कि नहीं कि बिहार में दंगाइयों को उल्टा लटकाया जाएगा, अगर खास पार्टी वहां सत्ता में आती है।

तो भैया इसमें हंसने की बात क्या है? अच्छा है न यह! दंगाइयों को उल्टा लटकाने के डर से दंगे नहीं होंगे और दंगाई डरेंगे और शांति बनी रहेगी। यह तो साहब सकारात्मक न्यूज़ है और आप हैं कि हंसे जा रहे हो। आपको क्या देश में शांति की आशा नहीं है या हमेशा आप गलत ही सोचते हो।

सोच दो तरह की होती है! जिस तरह हम देखते हैं उसी तरह हमारी सोच हो जाती है । यह सोच या देखने की नजर भी दो तरह की होती है। आप जो देख रहे हो वह स्थूल सोच या सरसरी नजर का नतीजा है। मुझे तो देश में खुशहाली पसंद है। देश में शांति हो। सभी धर्मों के बीच सौहार्द्र हो और सारे लोग भाई भाई की तरह रहें। शांति से जिएं। महंगाई कम हो। सारे लोग बिना किसी कष्ट के दो जून भर पेट खाना खा खाकर अपने घरों में सुख से सो सकें यही मेरा अपना नजरिया है। तुमसे किसने कह दिया कि मैं

शांति प्रिय नहीं हूं।

तो फिर इतने हंसने, मुस्कुराने की, ठहाका लगाने की कौन सी बात हो गई?

मैं खास नजरिए की बात कर रहा हूं। मैं सूक्ष्म नजरिए की बात कर रहा हूं। ऐसा तो नहीं हैं कि खास पार्टी केवल बिहार में ही नहीं है बाकी सारे देश में कहीं कहीं है और फिर सेंटर में यानी कि केंद्र में भी उन्हीं की सरकार है। क्या केवल बिहार में दंगे हो रहे हैं, बाकी जगह क्या पूरी शांति और धार्मिक सौहार्द्र बना हुआ है। इसका मतलब है कि बिहार को छोड़कर बाकी राज्यों में जहां जहां खास पार्टी की सरकार है वहां दंगाइयों को सीधे लटकाया जाएगा ताकि वे फिर से दंगा कर सकें। यह तो वही बात हो गई कि अगर मैं पूरे विश्व पर शासन कर रहा होता तो रूस और यूक्रेन के झगड़े बंद कर देता। भारत पाक चीन के बीच जो संबंधों में तनाव है उसे दूर कर देता। जहां जहां भुखमरी है वहां वहां अनाज पहुंचाता। ऐसी बातें करने की अपनी अलग शैली है।

मतलब मंत्री जी के इस कथन से आपको हंसी आई कि बिहार में शांति आ जाएगी। दंगाई नहीं रहेंगे?

मैं तो सीधे एक ही प्रश्न पूछता हूं बाकी जगह के दंगाइयों को क्यों उल्टा नहीं लटकाया जा रहा है? जबकि वही खास पार्टी सत्ता में हैं। देश की बागडोर तो आपके हाथ में है। बावजूद इसके आप धार्मिक सौहार्दता, धर्मनिरपेक्षता और शांति बनाए रखने में चूक गए। मुझे इसी वजह से हंसी आई कि देश के खासमखास वजीर होने के बावजूद सत्ता पाने के लिए ऐसी बातें करके जनता को मुगालते में डाल रहे हैं।

मैं इसे सूक्ष्म दृष्टि या अवलोकन नहीं कहता। मैं तो आपको छिद्रान्वेषी मानता हूं, जिसे हर बयान में एक गलत बयान पहले नज़र आता है। चलो मैं कुछ तो अन्वेषण करता हूं आप भले मुझे छिद्रान्वेषी कहें। वैसे मेरे चश्मे का फ्रेम और लेंस आपके चश्मे से बिल्कुल अलग है और मैं सारा कुछ साफ साफ देख सकता हूं। आपकी तरह केवल वही देखूं जो दिखाया जा रहा है यह मेरी फितरत नहीं है।





# तीन साल की मासूम के साथ हरकत करने वाले स्कूल कर्मचारी को पैरेंट्स हंगामे के बाद ले गई पुलिस

**इन्दौर ।** 3 साल की मासूम बच्ची के साथ स्कूल कर्मचारी द्वारा गंदी हरकत का मामला उजागर होने के बाद स्कूल पहुंचे पैरेंट्स द्वारा हंगामे के बाद स्कूल प्रबंधन ने पैरेंट्स मीटिंग रख मामले में कार्रवाई चर्चा शुरू की। पैरेंट्स के स्कूल पहुंच हंगामा करने की सूचना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और पुलिस के सामने ही कर्मचारी की पहचान कर उससे पूछताछ कार्रवाई शुरू की गई। मामला इन्दौर के प्रतिष्ठित स्कूल एमराल्ड हाइट्स का है। जहां पढ रही एक तीन साल की मासूम ने अपने पैरेंट्स को स्कूल जाने से मना कर दिया तो पैरेंट्स ने उससे कारण पूछा इसके बाद कर्मचारी की गंदी हरकत का खुलासा हुआ। पैरेंट्स को बातचीत में बच्ची ने डरते हुए बताया कि एक कर्मचारी उसके साथ लगातार बेड टच करते अश्लील हरकतें कर रहा था। बच्ची की बात पैरेंट्स ने स्कूल पैरेंट्स ग्रुप में शेयर की इसके तुरंत बाद बहुत से छात्र छात्राओं के पैरेंट्स एमराल्ड हाइट्स स्कूल पहुंचे और प्रबंधन से इस बारे में शिकायत की। शुरुआत में प्रबंधन ने पूरे मामले को दबाना चाहा परन्तु पैरेंट्स के हंगामा करने के बाद पैरेंट्स मीटिंग आयोजित कर आरोपी कर्मचारी की पहचान कर हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस के सामने उससे पूछताछ कार्रवाई शुरू की। पूछताछ के दौरान संदेही कर्मचारी पेरेंट्स ने सामने कहता रहा कि मुझे गोली मार दो.. और अपने उपर लगे आरोप नकारता रहा। बाद में पुलिस कर्मचारी को अपने साथ ले गई। इसके बाद स्कूल मैनेजमेंट ने पेरेंट्स को मेल स्टाफ पर लगाई जाने वाली पाबंदियों की जानकारी देते बताया कि छोटी क्लासेस में मेल स्टाफ बिल्कुल नहीं लगाया जाएगा। पूरे स्कूल में सर्वे कराया जाएगा। वहीं पीड़िता बच्ची के पिता के अनुसार मेरी बच्ची ने खुद उसके साथ हरकत करने वाले को पहचान लिया है। इतनी छोटी बच्ची मुझसे झूठ क्यों बोलेगी? फिलहाल पुलिस संदेही कर्मचारी को अपने साथ ले गई है और उससे पूछताछ कर पूरी जानकारी निकाल फिर कार्रवाई करेंगी।

## पिता ने बेटे को कर दिया घायल

**इंदौर।** आपसी विवाद के चलते पिता के घर पर आए बेटे के साथ जमकर मारपीट कर घयल कर दिया। भंवरकुआं पुलिस के मुताबिक एक बेटे ने अपने बुजुर्ग पिता के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज करवाया है। पारिवारिक विवाद के कारण वे दोनों अलग रहते हैं। पुलिस ने आकाश वाघ निवासी लालबाग लाइन की शिकायत पर उसके पिता मुकेश बाघ निवासी ट्रांसपोर्ट नगर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। आकाश ने पुलिस को बताया कि पारिवारिक विवाद के चलते उसके पिता मुकेश ट्रांसपोर्ट नगर में रहते हैं। उन्होंने फोन करके उसे बुलया था। वह जब उनसे मिलने पहुंचा तो पिता ने विवाद किया और हाथ मुक्कों से मारपीट कर दी। इसके बाद घर में रखी लोहे की राड से हमला कर घायल कर दिया। वह जैसे तैसे वहां से बचकर भागा और थाने पहुंचकर प्रकरण दर्ज करवाया।

## मोबाइल को लेकर मारपीट

**इंदौर।** मोबाइल गिरवी रखने की बात पर हुए विवाद में आरोपियों ने एक युवक के साथ मारपीट कर दी। पुलिस के मुताबिक विवाद ग्राम भांगिया में हुआ। फरियादी सतीश पिता महेश चौहान निवासी ग्राम भांगिया की रिपोर्ट पर हीरानगर पुलिस ने आरोपी रीतू पिता जीवन और शेखर भांगिया के खिलाफ केस दर्ज किया गया। फरियादी ने बताया कि आरोपी आए और मोबाइल फोन गिरवी रखने की बात को लेकर गालियां देने लगे।



## राज्य स्तरिया बेसबॉल प्रतियोगिता में सेंट उमर के छात्रों-छात्राओ ने जीता स्वर्ण पदक

**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना ।** मंदसौर में आयोजित 32वीं जूनियर स्टेट बेसबॉल प्रतियोगिता में सेंट उमर हायर सेकेंडरी स्कूल इंदौर के अतहर खान 10 वी, सदफ नाज़ खान 11 वी और मिस्बा खान 10 वी ने इंदौर बेसबॉल टीम का प्रतिनिधित्व किया और इंदौर टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल किया। इस उपलब्धि पर स्कूल प्राचार्य श्री सन्देश गुप्ता खेल अधिकारी डॉ रफ़ीक खान कोच रेहान खान व फाईजा अली एवं इस्लामिया करीमिया सोसाइटी की मेनेजिंग कमेटी ने बधाई दी।

# खाद्य विभाग की बड़ी कार्यवाही : 5 हजार लीटर से अधिक नकली घी जब्त

**इंदौर ।** कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशन एवं अपर कलेक्टर श्री गौरव बेनल के मार्गदर्शन में इंदौर जिले में मिलावटी एवं नकली खाद्य पदार्थ का व्यवसाय करने वालों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई जारी है।



इसी सिलसिले में आज खाद्य सुरक्षा प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा वीर सावरकर नगर में बड़ी कार्रवाई की गई। टीम द्वारा यहां सनी इंटरप्राइजेज का औचक निरीक्षण किया गया। इस प्रतिष्ठान के संबंध में सूचना प्राप्त हुई थी कि यहां पर नकली घी का व्यापार किया जा रहा है। मौके पर देवश्री ब्रांड के अलग-अलग नाम जैसे रामदेवम, मंगलश्री, बालकृष्ण आदि अलग-अलग पेकिंग के 1 लीटर एवं 500 एमएल वाले पाम तेल एवं अन्य वेजिटेबल ऑइल के बिल्कुबल घी की तरह दिखने वाले पैकेट विक्रय हेतु संग्रहित रखे हुए पाए गए। उक्त पैकेट को खोलकर भौतिक परीक्षण करने पर वह बिल्कुल घी की तरह महक एवं घी की तरह दिखने वाले थे। प्रतिष्ठान संचालक सनी परमार द्वारा खाद्य कारोबार का कोई लाइसेंस भी प्रस्तुत नहीं किया गया। उक्त खाद्य पदार्थ जो की बिल्कुल घी की तरह दिखता एवं प्रतीत होता है, के कुल 5 नमूने लिए गए एवं लगभग 5520 लीटर नकली घी (पाम तेल ) को जब्त किया गया। जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत लगभग 7 लाख रुपए है। लिए गए नमूनों को राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल की ओर जाँच हेतु भेजा जा रहा है, जिनकी जांच रिपोर्ट उपरांत अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जायेगी। बताया गया कि इस तरह की कार्रवाही आगे भी सतत रूप से जारी रहेगी।

## फूटी कोठी फ्लायओवर तैयार, नवरात्रि से शुरू हो जाएगा यातायात



**इंदौर।** प्राधिकरण द्वारा निर्माणाधीन फ्लायओवरों को इस साल शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। उनमें से फूटी कोठी फ्लायओवर लगभग तैयार हो गया है, जिसे नवरात्रि में शुरू करने की तैयारी की जा रही है। उसके साथ ही खजराना चौराहा पर जो फ्लायओवर बनाया है, उसकी भी एक भुजा बन गई है। उसे भी शुरू कर देंगे, ताकि यातायात का दबाव कम हो सके। कल महापौर ने भी फूटी कोठी चौराहा के फ्लायओवर का अवलोकन किया और प्राधिकरण को सर्विस रोड की चौड़ाई बढ़ाने का सुझाव भी दिया। लवकुश चौराहा पर प्राधिकरण द्वारा डबल डेकर फ्लायओवर के साथ-साथ एक अन्य फोरलेन फ्लायओवर भी बनाया जा रहा है।

डबल डेकर फ्लायओवर में तो हालांकि अभी एक साल का समय लगेगा, मगर धार्मिक स्थल की बाधा दूर होने के चलते फोरलेन का फ्लायओवर अवश्य जल्द पूरा हो जाएगा। प्राधिकरण सीईओ आरपी अहिरवार के मुताबिक चारों प्रमुख चौराहों पर जिन फ्लायओवरों का निर्माण चल रहा है वे जल्द ही पूर्णता के करीब हैं, जिनमें से फूटी कोठी फ्लायओवर का तो निर्माण लगभग पूरा हो गया है और नवरात्रि तक इस पर यातायात शुरू कर दिया जाएगा। इसी के साथ खजराना फ्लायओवर की एक भुजा भी तैयार है, उस पर से भी यातायात शुरू होगा। सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से समय लिया जा रहा है, ताकि वे नवरात्रि में फूटी कोठी और खजराना के फ्लायओवर का लोकार्पण कर सकें। दूसरी तरफ महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कल नगर निगम एवं इंदौर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ फूटी कोठी क्षेत्र में निर्माणाधीन ब्रिज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने ब्रिज के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को इसे निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। महापौर भार्गव ने ब्रिज के समीप सर्विस रोड की चौड़ाई के बारे में भी चर्चा की और आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए, ताकि आने वाले समय में ट्रैफिक को सुगम बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि यह ब्रिज इंदौर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ और बेहतर करने व शहर के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### नो एनपीएस, नो यूपीएस...... वी वांट्स ओपीएस

# पुरानी पेंशन की मांग को लेकर जिला मुख्यालय पर आक्रोश रैली निकाल ज्ञापन सौंपा

**इन्दौर।** नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम भारत के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर गुरुवार को जिला मुख्यालय पर ओल्ड पेंशन की मुख्य मांग को लेकर एनपीएस धारी शिक्षक एवं कर्मचारियों ने संगठन के संरक्षक हरीश बोयत एवं जिलाध्यक्ष दिनेश परमार के नेतृत्व में आक्रोश मार्च रैली निकालकर एसडीएम विनोद राठौर को प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा !! पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन के जिलाध्यक्ष दिनेश परमार ने बताया कि ज्ञापन में एनपीएस और यूपीएस का विरोध करते हुए ओपीएस लागू करने की मांग माननीय प्रधानमंत्री जी एवं म.प्र के मुख्यमंत्री से की गई !! ज्ञापन के पूर्व भारी बारिश के बीच शिक्षक एवं कर्मचारियों ने शासकीय मालव कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल से कलेक्टर कार्यालय तक आक्रोश मार्च रैली निकाली !!

कलेक्टर संकुल परिसर पर ज्ञापन का वाचन जिला संयोजक मानसिंह शिवहरे ने किया !! व आभार संघ के संभाग प्रभारी जिम्मी सक्सेना ने माना !! इस अवसर पर अपाक्स संघ के जिलाध्यक्ष श्री रमेश यादव, शिक्षक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष आलोक परमार, तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राधाकृष्ण शर्मा,शासकीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष प्रवीण यादव, अध्यापक अधिकार मंच के अध्यक्ष भारत भार्गव, आजाद अध्यापक संघ के जिलाध्यक्ष श्री संतोष मालवीय,राज्य कर्मचारी संघ के संभागीय सचिव हिमांशु तिवारी,संगठन के सलाहकार मंडल के सदस्य ख्यात मंच संचालक सलीम खान बेटमा, एनएमओपीएस की प्रदेश संगठन मंत्री श्रीमती कांति बिल्लोरे, महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष श्रीमती रंजना दीक्षित, श्रीमती पदमा बामोरिया, श्रीमती वंदना सहित सैकड़ों की संख्या में शिक्षक कर्मचारी उपस्थित थे !!






# कनाड़िया और बिचौली अंडरपास की ऊंचाई नहीं बढ़ेगी

**सर्वे के बाद एनएचएआई ने बदली रणनीति, अब सर्विस रोड की बाधाएं हटाएंगे**

**इंदौर।** बायपास के कनाडिया और बिचौली हप्सी व्हीकुलर अंडरपास की ऊंचाई नहीं बढ़ाई जाएगी। नेशनल हाईवेज अथॉरिटी आफ इंडिया (एनएचएआई) ने सर्वे के बाद यह तय किया है।

यह फैसला इसलिए लेना पड़ा कि दोनों अंडरपास पहले से ही मानकों के अनुसार 5.50 मीटर ऊंचे बने हैं। इस कारण अंडरपास की ऊंचाई और नहीं बढ़ाई जा सकती। अब एनएचएआई ने तय किया है कि यथासंभव अंडरपास के दोनों तरफ सर्विस रोड की बाधाएं हटाने के प्रबंध किए जाएंगे। एनएचएआई महीनेभर से कनाडिया और बिचौली अंडरपास को ऊंचा करने का सर्वे करवा रही थी। अब इसकी रिपोर्ट आ गई है। एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर सुमेश बांझल ने बताया कि अंडरपास की ऊंचाई बढ़ाना संभव नहीं है, इसलिए तय किया गया है कि अंडरपास के आसपास की बाधाएं हटाई जाएं। पहले चरण में बिचौली अंडरपास के पास लगे खंभे और रोटरी हटाई जाएगी, ताकि सर्विस रोड चौड़ी हो सके। कनाडिया अंडरपास के आसपास भी सर्विस रोड की चौड़ाई बढ़ाने की गुंजाइश टटोलेंगे। दोनों अंडरपास का दबाव पहले से कुछ कम हुआ है, क्योंकि एमआर-10 जंक्शन पर ट्रैफिक सिग्नल लगाकर वाहनों को एक से दूसरी तरफ आने-जाने की सुविधा शुरू की गई है।

# ई-रिक्शा को व्यवस्थित करने के लिए शनिवार को होगी उपसमिति की बैठक

### ऑड और ईवन फॉमूला लागू करने की है योजना, जिला सडक़ सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर ने दिए थे उपसमिति को विस्तृत योजना तैयार करने के निर्देश

**इंदौर।** शहर में ट्रैफिक का कचूमर निकालने वाली ई-रिक्शा जल्द ही व्यवस्थित हो सकती है। इसके लिए पहली बार शनिवार को जिला सडक़ सुरक्षा उपसमिति की बैठक होने जा रही है। इसमें ई-रिक्शा के व्यवस्थित संचालन के लिए विभिन्न विकल्पों पर अधिकारी और विशेषज्ञ अपनी राय रखेंगे और एक विस्तृत कार्ययोजना बनाकर इसे लागू करने के लिए कलेक्टर को सौंपेंगे। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों हुई जिला सडक़ सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर आशीष सिंह ने ई-रिक्शा को व्यवस्थित करने के लिए एक उपसमिति बनाकर कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए थे। इस दौरान उन्हें ई-रिक्शा को ऑड और ईवन नंबर के आधार पर आधे-आधे दिन चलाने की योजना बताई गई थी, जिससे वे काफी सहमत थे। इसी पर विस्तृत योजना के लिए बनाई गई उपसमिति की बैठक शनिवार को होने जा रही है।



उपसमिति के अध्यक्ष एआईसीटीएसएल के सीईओ दिव्यांक सिंह ने बताया कि कलेक्टर सिंह के निर्देश पर शनिवार को उपसमिति की बैठक आयोजित की गई है। इसमें ऑड-ईवन फॉर्मूले के साथ ही सभी सुझावों पर चर्चा की जाएगी। अधिकारी और विशेषज्ञ जिन व्यवस्थाओं को सबसे सही मानते हैं उनका प्रस्ताव बनाकर कलेक्टर को सौंपा जाएगा। इसी आधार पर कलेक्टर के आदेश पर नई योजना को लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऑड-ईवन फॉर्मूले पर ई-रिक्शा चलाना एक अच्छा सुझाव है। इसके सभी पक्षों को देखा जा रहा है। उज्जैन में भी इसी तरह आधी रिक्शा दोपहर 3 बजे तक चलाई जाती हैं, वहीं शेष आधी दोपहर 3 बजे के बाद। इससे एक समय में सडक़ों पर ई-रिक्शा की संख्या आधी रह जाती है, जिससे ट्रैफिक का दबाव भी कम हो जाता है।

### स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत

# जिला चिकित्सालय में हुआ स्वास्थ्य जांच व उपचार शिविर






**खण्डवा । स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय में नगर पालिका निगम के कर्मचारियों के लिए, दो दिवसीय स्वास्थ्य जांच एवं उपचार शिविर का आयोजन सिविल सर्जन डॉ. संजीव दीक्षित के मार्गदर्शन में किया गया।**

जिसमें डॉ. अनिरुद्ध कौशल नाक, कान, गला और रोग विशेषज्ञ, आर.एम.ओ. डॉ. एम.एल. कलमे, डॉ. दीपशिखा इवने एम.डी. मेडिसिन, डॉ. धर्मेंद्र पाटिल हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ. शक्ति सिंह राठौड़ हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ. संजय इंगले मनोरोग विशेषज्ञ, डॉ. गणेश माली एम.ओ., डॉ. स्वीटी तिर्की दंत रोग चिकित्सक द्वारा अपनी सेवाएं दी गई।

सभी सफाई कर्मियों का ब्लड प्रेशर, शुगर, एचआईवी, टीबी एवं अन्य जांच कर उन्हें आवश्यक दवाइयां एवं परामर्श भी दिया गया। शिविर के प्रथम दिवस 26 सितम्बर को 179 लोगों का ब्लड प्रेशर, शुगर, एच.आई.वी., टी.बी. स्ॅीनिंग एवं 25 लोगों का बलगम कलेक्शन किया गया। एवं 50 लोगों की आभा आई.डी. भी बनाई गई, तथा आयुष्मान पखवाड़े के अंतर्गत नगर निगम कमिश्नर श्री नीलेश दुबे एवं सिविल सर्जन डॉ. संजीव दीक्षित की अध्यक्षता में सभी अधिकारियों कर्मचारियों को आयुष्मान भारत योजना की शपथ दिलाई गई। इस अवसर मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. रंजीत बड़ोले, डॉ. सुनील बाजोलिया, डिप्टी कमिश्नर श्री प्रदीप जैन, स्वास्थ्य अधिकारी श्री जाकिर अहमद, स्वास्थ्य निरीक्षक श्री सखाराम भट्ट सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत खण्डवा शहर के वार्ड ' मांक 25 भवानी माता वार्ड में स्वच्छता के प्रति सजग रहने एवं दूसरों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु वार्डवासियों को शपथ दिलाई गई।

### ओंकारेश्वर पहुंचे भाजपा के वरिष्ठ नेता

## कैलाश विजयवर्गीय ने कहां सनातन धर्म पर वर्तमान में खतरा मंडरा रहा है



**ओंकारेश्वर ( नि प्र )।** ओंकारेश्वर एक धार्मिक कार्य ' म में पहुंचे भाजपा के वरिष्ठ नेता कैलाश विजयवर्गीय ने कहा सनातन पर आज खतरा है अभी जो श्री तिरुपति बालाजी मंदिर के लड्डू प्रसाद में जाँच के बाद जो नॉनवेज पदार्थ पाए गए है यह सनातन धर्म पर कुठाराघात है एक षड्यंत्र है। देश में सभी राज्यों में देव स्थानों में बाँटने वाले प्रसादो की जाँच होना चाहिए

आदि गुरु शांकराचार्य जी की 108 फिट ऊँची बहुत धातु की मूर्ति लगे एक वर्ष बीत गया उसके बाद एक ईंट भी नहीं लगी क्या कारण है जबकि एकात्म धाम का पोजेक्ट तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिँह ने बनाया था । इस प्रश्न के उत्तर में विजयवर्गीय जी ने अनभिज्ञता व्यक्त करते हुवे का मुझे इसकी जानकारी नहीं कहते हुए पत्रकारों के प्रश्नो को टाल गए । पत्रकारों ने ज्योतिर्लिंगओंकारेश्वर श्री जी मंदिर एवं ममलेश्वर मंदिर को मिलाकर ट्रस्ट बनाने की मांग रखी तथा मंदिर ट्रस्ट द्वारा वितरण किया जा रहे प्रसाद को लेकर भी चर्चा की ।नगरी प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गी से नगर परिषद ओंकारेश्वर अध्यक्ष पति प्रकाश परिहार उपाध्यक्ष अखिलेश दीक्षित ने सौजन्य भेंट की तथा सफाई मित्रों की संख्या बढ़ाने तथा नगर परिषद की वित्तीय स्थिति से अवगत कराते हुए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु ज्ञापन सोफा ।

## उप स्वास्थ्य केंद्र मांधाता में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**ओंकारेश्वर ( नि प्र )।** वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा मांधाता विधानसभा के उप स्वास्थ्य केदो पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है इसी के तहत बुधवार को शिविर में बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे जिन्हें समझाइए एवं उपचार किया जा रहा है।

आयुष्मान पखवाड़े के तहत बुधवार को एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें स्वास्थ्य विभाग के टीम द्वारा विभिन्न प्रकार की बीमारीयों ,बीपी शुगर, नेत्र रोग ,एनीमिया की जांच कर अनेक प्रकार कि बीमारियों के रोगियों की जांच कर उपचार किया गया । कूल 129 रोगियों की की जांच की गई जिसमें 26 नेत्र रोगी की जांच 105 बीपी सुगर , 95 सीकल सेल ,,95 एनीमीया की जांच,, 23 संभावित टीवी मरीजों की जांच की गई और 126 आभा आईडी और 16 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। इससे पहले मंगलवार को ग्राम पंचायत कोठी में स्वस्थ शरीर का आयोजन किया गया था।। बीएमओ रामकृष्ण इंगला ,बीईई सुनीता सोनी,, मांधाता सेक्टर के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी,, स्वास्थ्य सुपरवाइजर एएनएम मैडम सहित सेक्टर की सभी आशा कार्यकर्ता उपस्थित रही।

## 28 सितं को ग्राम डुडगाँव में आयोजित होगा आयुष स्वास्थ्य शिविर

**खण्डवा । आयुष मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत खंडवा जिले के पुनासा ब्लॉक के अटूटखास आयुर्वेद औषधालय को आयुषग्राम के रूप में स्वीकृत किया गया है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. अनिल वर्मा ने बताया कि कलेक्टर श्री अनूप कुमार सिंह के मार्गदर्शन में 28 सितंबर को अटूटखास के ग्राम डुडगांव के सामुदायिक भवन में आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है।**

उन्होंने बताया कि यह शिविर सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक किया जायेगा। शिविर में आयुर्वेद के चिकित्सकों द्वारा विभिन्न व्याधियों तथा मौसम जनित रोगों के लिए परामर्श तथा निःशुल्क औषधि वितरण किया जाएगा। जिला आयुष अधिकारी डॉ. वर्मा ने बताया कि आयुषग्राम को स्वीकृत करने का उद्देश्य वहाँ की आबादी, समस्त जन समुदाय को आयुषविधा द्वारा समस्त व्याधियों तथा रोगों में रोग उपचार, जीवनशैली जनित रोगों से बचाव कराना है। इसके अलावा ऋतुचर्या, दिनचर्या खान-पान, रहन-सहन तथा योगाभ्यास द्वारा किस तरह स्वस्थ रह सकते है, के बारे में जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि घरेलू रसोई में उपलब्ध मसाले जो कि औषधीय पौधों तथा वृक्षों से प्राप्त होने वाली औषधियां हैं, जिसके उपयोग से हम कैसे स्वस्थ रह सकते है कि जानकारी दी जाएगी। साथ ही नैदानिक जांच जैसे रक्ताल्पता, मधुमेह तथा उच्च रक्तचाप से ग्रसित रोगियों की स्ॅीनिंग तथा उचित परामर्श भी दिया जायेगा।

## राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान'' के तहत स्कूली बच्चों को लगाएं टी.डी. के टीके

**खण्डवा ।** राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान के तहत् गुरुवार को शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के शासकीय स्कूलों में टी. डी. के टीके लगाये गये। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. अनिल तंतवार ने बताया कि इस अभियान के माध्यम से सरकारी स्कूल एवं आदिम जाति कल्याण विभाग के षिक्षा केन्द्रों पर वैक्सीनेषन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 5 वर्ष की आयु के बच्चों को डी.पी.टी., 10 वर्ष एवं 16 वर्ष के बच्चों को टी.डी. वैक्सीन लगाने के लिये प्रतिगुरुवार को शासकीय स्कूलों में टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान अगस्त, सितम्बर, अक्टूबर तीन माह तक चलाया जायेगा। यह टीके गलघोंटू, काली खांसी एवं टिट्नेस जैसी बिमारी के बचाव के लिए लगाये जा रहे है। स्कूलों में बच्चों को टीके के साथ-साथ स्वास्थ्य शिक्षा भी दी जा रही है।

## संपूर्णता अभियान और राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत पोषण मेले का किया आयोजन




**खण्डवा ।** महिला बाल विकास विभाग पुनासा के द्वारा संपूर्णता अभियान और राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत पोषण मेले का आयोजन किया गया। इस पोषण मेले में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, स्वयं सहायता समूह के रसोईया और स्थानीय महिलाओं ने भाग लिया, सभी के द्वारा अलग-अलग रेसिपी बनाकर लाई गई। गेहूं, ज्वार, बाजरा, रागी, दाल, सब्जी, तिल्ली, चना, गुड़, मुंगफली तथा सुरजना से कई प्रकार के व्यंजन तैयार किये गये। इस अवसर पर गर्भवती माता और धात्री माता को पूरक पोषण आहार का वितरण भी किया गया, पोषण के महत्व के बारे में सभी को जानकारी दी गई। भोजन में पोषक तत्वों का समावेश करने और साफ-सफाई स्वच्छता के संदर्भ में भी सभी को जानकारी दी गई। पोषण मेले में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर आए स्वयं सहायता समूह और महिलाओं को प्रोत्साहित भी किया गया।

महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी राजेंद्र सिंह सोलंकी के द्वारा सभी को पोषण के संदर्भ में आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर सेक्टर सुपरवाइजर, सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, स्पंदन संस्था के कर्मचारी और अन्य महिलाएं भी उपस्थित थी।

## आयुष्मान पखवाड़ा के तहत मूंदी में आयोजित हुआ स्वास्थ्य शिविर



**खण्डवा ।**आयुष्मान भारत योजना अन्तर्गत आयुष्मान पखवाड़ा 20 से 30 सितंबर तक मनाया जा रहा है। इस दौरान गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मूंदी में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। बी.एम.ओ. डॉ. रामकृष्ण इंगला ने बताया कि शिविर में 376 मरीजों का पंजीयन किया गया। जिसमें से असंचारी रोग के 114, ईएनटी के 32, नेत्र रोग के 43, स्त्री रोग के 36, शिशु रोग के 32, जनरल मेडिसीन के 110, मनोरोग के 6, आर.बी.ए.स.के. के 3 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया गया। साथ ही 253 नागरिकों की आभा आईडी व 54 पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाये गये।

जिला चिकित्सालय से डॉ. बलराम धनोले, डॉ. कविता चंदेल, डॉ. मेहबूब, डॉ. गर्विता खण्डेलवाल, डॉ. मोहित सोनी, डॉ. आशा चौहान द्वारा स्वास्थ्य सेवाएं दी गई। 70 वर्ष व उससे अधिक उम्र के नागरिकों को भी आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित किया गया। इसी दौरान शिविर में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अन्तर्गत नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती ज्योतिबाला राठौड़, सांसद प्रतिनिधि चन्द्र मोहन राठौड़, उपाध्यक्ष नगर परिषद राजनारायण मंडलोई तथा सी.एम.ओ. नगर परिषद संजय जैन द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत परिसर में पौधारोपण किया गया। इस दौरान जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रश्मि कौशल, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. अनिल तंतवार, जिला कार्य' म प्रबंधक श्री शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, बी.पी.एम., बी.ई.ई, सी.एच.ओ., ए.एन.एम, आशा, आशा सुपरवाइजर मौजूद थे।

## 100 दिवसीय जागरूकता अभियान के तहत महिलाओं एवं बच्चों को दी विभिन्न जानकारी

**खण्डवा ।** हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वुमेन के 100 दिवसीय जागरूकता अभियान अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग जिला खंडवा के जिला कार्य' म अधिकारी श्री वि' ांत दामले के निर्देशानुसार वन स्टॉप सेंटर प्रशासक श्रीमती शीला सावरे के द्वारा जागरूकता के 15 वें सप्ताह मिशन शक्ति योजनाओं की निगरानी सप्ताह के अन्तर्गत 23 सितम्बर को कामकाजी महिलाओं को वन स्टॉप सेन्टर भ्रमण करवाया और वन स्टॉप सेन्टर की समस्त जानकारियां दी गई। 25 सितम्बर को सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में एवं 26 सितम्बर को मोतीलाल नेहरू लॉ कॉलेज में जागरूकता अभियान किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को पॉक्सो एक्ट, बाल अधिकार, बाल संरक्षण, गुड टच, बैड टच, सशक्तिकरण, डेस्क 112, छेड़-छाड़, शासन द्वारा जारी किए गए टोल फ्री नम्बर चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, एवं महिला हेल्पलाइन 181 के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई।

## स्वच्छता पखवाड़े के तहत अच्छे करदाता को कर जमा करते ही दो डस्टबिन बिन रसीद के साथ दिए जाएंगे



**ओंकारेश्वर ( नि प्र ) ।** मध्य प्रदेश शासन के निर्देशन में नगर परिषद ओंकारेश्वर में चल रहे स्व' छता पखवाड़े में प्रत्यक्ष प्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले को बधाई देते हुए ब्रांड एंबेसटर श्रीमती ममता दुबे ने कहा निकाय क्षेत्र के रह वासियों के लिए स्व' छता पखवाड़े के तहत समय पर निकाय के राजस्व शाखा में पहुंचकर जलकर संपत्ति कर व अन्य कर का भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को स्व' छता परबवाडे के तहत कर जमा की रसीद के साथ एचडीएफसी बैंक के माध्यम से सुरबे एवं गीला कचरा के लिए डस्टबिन दो निःशुल्क दिए जाएंगे ब्रांड एंबेसटर ममता दुबे ने अपील करते हुए कहां की स्व' छता पखवाड़े के तहत डस्टबिन सेवा का लाभ लेकर अ' छे करदाता होने का परिचय भी दें तथा स्व' छता अभियान में सरकार के द्वारा चलाए जा रहे अभियान में सहयोग प्रदान करें ।

## किशोर नगर में श्राद्ध मोक्ष श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ, निकली भव्य कलश यात्रा



**खंडवा।** किशोर नगर रहवासी संघ एवं श्री मनोकामनेश्वर हनुमान मंदिर प्रबंधन समिति, मनोकामनेश्वर महिला मंडल मनोकामनेश्वर एवं महादेव जी सेवा समिति के तत्वावधान में बुधवार से श्रीमद् भागवत कथा का दिव्य आयोजन खंडवा के कथा व्यास पूज्य पं मनोज उपाध्याय जी के मुखारविंद से आरंभ हुआ। कथा के शुभारंभ अवसर पर एक भव्य कलश यात्रा क्षेत्र में निकाली गयी। यह जानकारी देते हुए समिति प्रवक्ता निर्मल मंगवानी ने बताया कि संघ अध्यक्ष पं प्रेमनारायण तिवारी के दिशानिर्देश में दोपहर 1 बजे किशोर नगर स्थित श्री सिध्दीविनायक गणेश मंदिर से कथा स्थल हनुमान मंदिर वाटिका तक मातृशक्ति की उपस्थिति में एक भव्य कलश यात्रा क्षेत्र में निकाली गयी। कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। कलश यात्रा के दौरान कथा के मुख्य यजमान पं प्रेमनारायण तिवारी, मनोहर चंदानी, शिवनारायण लाड़, श्री गुप्ता जी, मीनाक्षी भावसार, गौरव चौहान, मंयक भावसार (खरगोन), अनिल मालाकार, राजू चतुर्वेदी, प्रवीण जोशी, अभिमन्यु चौहान, गिरीश जायसवाल, राजेंद्र वर्मा, त्रिपाठी भाभी, अंशुल भावसार आदि व्दारा श्रीमद् भागवत कथा महापुराण को सिर पर धारण कर चल रहें थे। महिला मंडल अध्यक्ष निशा दुबे ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन मंगलवार 01 अक्टूबर तक प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक होगा।

## संसार के महान व्यक्ति तुम स्वयं हो, यह अनुभूति मौन की शक्ति से हुआ - श्री मुकेश करुआ

**खंडवा ।** मध्य प्रदेश राज्य आनंद संस्थान आनंद विभाग भोपाल द्वारा दिनांक 23 से 25 सितम्बर 2024 तक तीन दिवसीय आनंदम सहयोगी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन म.प्र. शासन के आनंद विभाग द्वारा प्रशिक्षण स्थल क्षेत्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायतराज प्रशिक्षण केन्द्र ईटीसी इन्दौर (ए.बी. रोड़ राऊ) में किया गया।

इस प्रशिक्षण शिविर में पांच जिलों के कुल 60 आनंदम सहयोगी प्रशिक्षण हेतु शामिल हुये। जिनमें धार जिले से 44, झाबुआ जिले से 09, खरगोन जिले से 03, खण्ड़वा जिले से 03 एवं इन्दौर से 01 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण हेतु मुकेश करुआ सहित डॉ. समीरा नईम, शिरिष सुमन शर्मा, के.बी. मन्सारे, नारायण फरकले ने मास्टर ट्रेनर्स के रूप में स' य भूमिका निभाई।के बी मंसारे ने आनंद की और सत्र लिया, मुकेश जी ने रिश्तों पर अपने विचार रखें,डॉ समीरा नईम ने अल्प विराम पर विस्तार पूर्वक अपने विचार रखें, इस दौरान झाबुआ जिले से जगदीश सिसौदिया एवं बुरहानपुर जिले से संजय गुप्ता ने भी सहयोग किया। जिला संपर्क व्यक्ति एवं डीपीएल डॉ. दिनेश कश्यप जिला धार ने सम्पूर्ण प्रशिक्षण के दौरान समन्वय एवं स' यता के साथ अपने दायित्वो का निवर्हन किया। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस प्रातःकालीन ढाई घण्टे के मौन के दौरान हुए व्यक्तिगत अनुभवों के आधार पर स्वयं के भीतर पनपी हुई विभिन्न बुराईयों को देखने एवं महसूस करने का अवसर प्रशिक्षणार्थियों को मिला। जिसके परिणाम स्वरुप प्रशिक्षाणार्थियों राधा मोहे,कु अजिता खदेड़ा, कु. दीपाली कुशवाह, सोनाली वर्मा, मोना बचले सहित पीयूष जोशी, गुलसिंह गोहिल, नरेन्द्र मौर्य, संजीव भार्गव, धर्मेन्द्र यादव एवं मांगीलाल राणे अरुण परदेशी,सहित सभी ने अपने भीतर की बुराईयों को देखकर उन्हें छोड़ने एवं समाज के गरीब।

## माँ के हाथ का खाना याद आता है



बादल पे पांव हैं में बानी के रूप में दर्शकों का दिल जीत रहीं अमनदीप सिद्धू इस समय चंडीगढ़ में शो की शूटिंग कर रही हैं। उनके साथ उनके सह- कलाकार आकाश आहूजा और सूरज थापर भी हैं। अपने परिवारों से दूर होने के कारण कलाकार सेट पर साझा अनुभवों के ज़रिए एक-दूसरे से जुड़ रहे हैं। इसके बाद भी अमनदीप के लिए एक चीज़ है जो उन्हें सबसे ज्यादा याद आती है, वह है उनकी माँ के हाथ का बना खाना। उनकी माँ दिल्ली में रहती हैं।अमनदीप बताती हैं कि कैसे वह स्कूल में अपनी माँ के हाथ के बने पराठों की जगह अपने दोस्तों के सैंडविच खाया करती थीं। वह अपनी माँ के खाने में आराम और प्यार को महसूस नहीं कर पाती थी। अब हालात बदल गए हैं। घर से दूर काम करते हुए उन्हें पहले से कहीं ज़्यादा उन जाने-पहचाने स्वाद की चाहत होती है।

## कलाकारों को जीवन में प्रेरित करती हैं उनकी बेटियाँ



नेशनल डॉटर्स डे पर कई कलाकार अपनी बेटियों के साथ साझा किए गए गहरे रिश्ते को याद कर रहे हैं, जो उन्हें अपार खुशी, प्रेरणा और व्यक्तिगत विकास का अनुभव कराती हैं। एण्डटीवी के मशहूर कलाकार अमित भारद्वाज (मेवा, 'भीमा'), दीपा सावरगांवकर (सुशीला बुआ, 'अटल'), योगेश त्रिपाठी (हप्पू सिंह, 'हप्पू की उलटन पलटन') और शुभांगी अत्रे (अंगूरी भाबी, 'भाबीजी घर पर हैं') बता रहे हैं कि उनकी बेटियाँ कैसे उन्हें मार्गदर्शन और प्रेरणा देती हैं। मेवा की भूमिका के लिये मशहूर अमित भारद्वाज ने बताया, ''मेरी कोई बहन नहीं है और उस खास रिश्ते को मैंने हमेशा मिस किया है। 'अटल' में सुशीला बुआ का किरदार निभा रहीं दीपा सावरगांवकर ने कहा, ''मेरी बेटी ही मेरी पूरी दुनिया है। हप्पू सिंह के नाम से मशहूर योगेश त्रिपाठी ने बताया, ''मेरी तीन साल की बेटी मुझे सबसे ज्यादा खुशी देती है। अंगूरी भाबी की भूमिका निभा रहीं शुभांगी अत्रे ने कहा, ''मेरी बेटी मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा है। वह यूएसए में स्पेस साइंटिस्ट बनने का सपना लेकर आगे बढ़ रही है।

## घमंडी मासी का रोल निभाएंगी प्रीति अमीन



शो 'कैसे मुझे तुम मिल गए' ने अपनी दिलचस्प और ड्रैमेटिक कहानी से सबका दिल जीत लिया है। और एक बार फिर यह कहानी एक रोमांचक मोड़ लेने जा रही है जहां एक्टर प्रीति अमीन इस शो में भवानी (हेमांगी कवि) की बहन वंदना के रोल में इस शो में आएंगी जो अभी-अभी दुबई से लौटी हैं। वो विराट (अर्जित तनेजा) को पसंद नहीं करती हैं क्योंकि विराट ने उनकी भांजी अमृता (सृति झा) से जबर्दस्ती शादी कर ली थी, इसलिए वो विराट की ठेठ सास बनकर उसकी ज़िंदगी में उथल-पुथल मचा देंगी। प्रीति ने साल 2006 में ज़ी टीवी के ही पॉपुलर शो 'कसम से' के साथ हिंदी टेलीविज़न में अपना डेब्यू किया था ।प्रीति ने कहा, मेरा किरदार वंदना उर्फ वैंडी बड़ी डींगें हांकने वाली महिला है जो दुबई से लौटी है। मुझे वाकई ये लगता है कि यह रोल मेरे लिए ही है क्योंकि मेरे हिसाब से उसकी अपनी विचित्र खूबियां है। मैंने अभी-अभी इस शो की शूटिंग शुरू की है, जहां पूरी टीम ने दिल से मेरा स्वागत किया

## पिता हमारी हर न्यूज़ को लैमिनेट करके रखते थे'



शो सारेगामापा में पॉपुलर गुज्जू ब्रदर्स सचिन-जिगर ने अपना रियलिटी टीवी डेब्यू किया है जो म्यूज़िक कम्पोज़र-लिरिसिस्ट जोड़ी सचेत-परंपरा और सिंगर एवं सॉन्ग राइटर गुरु रंधावा के साथ मेंटर्स की भूमिका निभा रहे हैं। नई आवाज़, नया अंदाज़ के इस रोमांचक सीज़न को विपुल रॉय होस्ट कर रहे हैं।आने वाले मेगा ऑडिशन एपिसोड्स में सचिन-जिगर कंटेस्टेंट जय की दमदार परफॉर्मेंस पर फिदा हो गए, जिन्होंने 'तड़प तड़प' गाना पेश किया। हालांकि जो बात इस म्यूज़िकल जोड़ी के दिलों को छू गई, वो थी जय के पिता की मौजूदगी जो ऑडिशन के दौरान गर्व से अपने बेटे के साथ खड़े थे। जिगर ने कहा, आज आपके पिता को आपके साथ देखकर मुझे अपने पिता की याद आ गई। जब तक वे हमारे साथ थे, वे मेरे सबसे बड़े सपोर्टर रहे। मेरे लिए तो सबसे बड़ी ट्रॉफी वो थी जब वे बड़े प्यार से हमारे बारे में छपी हर खबर को लेमिनेट करके रखते थे।

# शाहिद कपूर से लेकर राशि खन्ना तक: IIFA में देंगी परफॉर्मेंस



IIFA की सबसे यादगार रात आ गई है। इंडस्ट्री की बेहतरीन फिल्मों और कलाकारों को सम्मानित करने के लिए मशहूर, इस साल का ढ्ढस्न तीन दिन का ग्रैंड इवेंट होने वाला है, जिसकी शुरुआत 27 सितंबर से होगी। अबू धाबी के यास आइलैंड में आयोजित होने वाले इस इवेंट में टॉप सेलिब्रिटीज अपने शानदार प्रदर्शन से मंच पर धूम मचाएंगी।





### शाहिद कपूर

क्टर से उम्मीद की जाती है कि वह 'अखियाँ गुलाब' और 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' जैसे अपने हाल ही के हिट गाने पेश करेंगे। ढ्ढस्न में परफॉर्म करने के बारे में बात करते हुए, कपूर ने कहा, हर बार जब मैं उस आइकोनिक ग्लोबल स्टेज पर कदम रखता हूँ, तो उसका मैजिक अलग ही अनुभव में आता है।

### राशि खन्ना

इस साल, एक्ट्रेस ने अरनमनई 4 के अचाचो से इंटरनेट पर धूम मचा दी, जो तमिल फ़िल्म इंडस्ट्री की साल की पहली हिट बन गई, जिसने खन्ना को यंग पैन इंडिया स्टार के रूप में स्थापित किया। अब, वर्सेटाइल एक्ट्रेस अपनी परफॉरमेंस से स्टेज पर आग लगाने के लिए तैयार है, जिसके लिए वह उत्साहित है। एक्ट्रेस अपने शानदार डांस मूव्स से दर्शकों को सरप्राइज देने के लिए तैयार है।

### विक्की कौशल



फैंस विक्की द्वारा उनके हिट गानों पर शानदार परफॉरमेंस का बेसब्री से इंतजार कर सकते हैं, जिसमें वायरल गाना तौबा तौबा भी शामिल है, जिसमें एक्टर की डांसिंग स्किल्स खूबसूरती से नज़र आती है। विक्की अवॉर्ड सेरेमनी की होस्टिंग भी करते नजर आएंगे।

### कृति सेनन

कृति ने द क्रू और तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया के साथ शानदार साल बिताया है। एक्ट्रेस ढ्ढस्न में परफॉर्म करने के लिए तैयार हैं। इस बारे में बात करते हुए, अभिनेत्री ने कहा, ढ्ढस्न हमेशा मेरे दिल के करीब रहा है, और हर साल, यह होमकमिंग जैसा अनुभव कराता है।



### जान्हवी कपूर

देवरा स्टार एक धमाकेदार परफॉरमेंस के साथ आइकोनिक ढ्ढस्न स्टेज पर अपना डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अपनी उत्सुकता व्यक्त करते हुए, जान्हवी ने उल्लेख किया कि वह इंडियन सिनेमा की दुनिया के सबसे बड़े सेलिब्रेशन में परफॉर्म करने के लिए रोमांचित हैं।

### अनन्या पांडे

हाल ही में अपना वेब सीरीज़ डेब्यू करने के बाद, अनन्या अपने एनरजेटिक परफॉर्मेंस के साथ दर्शकों को एंटरटेन करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। वह ग्लोबल ऑडियंस के लिए कुछ खास और यादगार पेश करने का वादा करती हैं, जिससे यह रात यादगार बन जाएगी।

## संग्राम सिंह ने रचा इतिहास




संग्राम सिंह ने एक बार फिर अपने देश को गौरवान्वित किया है, उन्होंने जॉर्जिया के त्बिलिसी में गामा इंटरनेशनल फाइटिंग चैंपियनशिप में अपने पहले एमएमए मुकाबले में महत्वपूर्ण जीत हासिल कर ये बता दिया है कि भारत की मिट्टी से बना ये लाल, जब मैदान में खेल के लिए उतरता हैं तब एक योध्या बनकर अपने प्रतिद्वंद्वी को चारों खाने चित्त कर देता हैं।संग्राम सिंह ने पाकिस्तानी अंतरराष्ट्रीय फाइटर अली रजा निसार को केवल 1 मिनट और 30 सेकंड में सबमिशन के ज़रिए हराया। यह उल्लेखनीय उपलब्धि उन्हें एमएमए मुकाबला जीतने वाला पहला भारतीय पुरुष पहलवान बनाती है।

## सनी वेची सेयुथे के ऑडियो लॉन्च में हुई शामिल

सनी लियोन ने आगामी फिल्म पेट्टा रैप के गाने वेची सेयुथे के ऑडियो लॉन्च के लिए प्रेस मीट में शिरकत की। चेन्नई में आयोजित इस कार्यक्रम में सनी लियोन प्रसिद्ध कोरियोग्राफर-फिल्म निर्माता प्रभुदेवा के साथ नजर आई। इस महीने की शुरुआत में रिलीज हुआ गाना वेची सेयुथे दर्शकों के बीच धमाल मचा चुका है। गाने की आकर्षक बीट्स और ऊर्जावान कोरियोग्राफी के साथ-साथ सनी लियोन की स्क्रीन उपस्थिति को उनके प्रशंसकों से अपार प्यार मिल रहा है। इस ट्रैक ने सोशल मीडिया पर धूम मचा दी है।




## वसुधा के इरादे नेक हैं



वसुधा के रोल में अपने डेब्यू को लेकर एक्टर प्रिया ठाकुर ने कहा कि = ''वसुधा के किरदार के प्रति सच्ची रहकर मैं उसकी मासूमियत और विचित्रताओं को अपना पाती हूँ'वसुधा मराठी के शो 'पारू' और ज़ी तेलुगु के 'मुद्ध मंदरम' का रूपांतरण हैज़ी टीवी के दर्शकों के साथ तालमेल बिठाने के लिए इसे सोच-समझकर फिर से लिखा गया है। वसुधा की मासूमियत और सादगी उसके आकर्षण का एक खास हिस्सा है, लेकिन मैं समझ सकती हूं कि कुछ लोग उसकी हरकतों को नासमझी मान सकते हैं। हालांकि, उसके इरादे हमेशा नेक होते हैं, और वो सच्चे दिल से अपने आस-पास के लोगों, खास तौर पर चंद्रिका से जुड़ने की कोशिश करती है, क्योंकि वो उनसे प्रेरित है।

## 'जिंक्स' का मुंबई में हुआ प्रीमियर




प्रसिद्ध फिल्म मेकर मंशा तोतला की बहुप्रतीक्षित लघु वृत्तचित्र 'जिंक्स' का मुंबई में प्रीमियर हुआ, जिसमें बॉलीवुड के कुछ सबसे बड़े नाम शामिल हुए। वेनिस में प्रतिष्ठित 'रिप्लाई एआई फिल्म फेस्टिवल' में टॉप सम्मान जीतने के बाद, डाक्यूमेंट्री ने भारत में अपनी शानदार शुरुआत की, जिसने इंडस्ट्री और प्रशंसकों का भरपूर ध्यान आकर्षित किया। मंशा तोतला ने वेनिस में प्रतिष्ठित 'रिप्लाई एआई फिल्म फेस्टिवल' में अपनी अभूतपूर्व शॉर्ट डाक्यूमेंट्री 'जिंक्स' के लिए तीसरा स्थान जीतकर अपने करियर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। रेड कार्पेट इवेंट में बॉलीवुड की कई जानी-मानी हस्तियाँ जैसे अर्जन बाजवा, अशोक पंडित, रूपाली सूरी, अभिषेक बजाज, पुनीत इस्सर और वकार शेख प्रीमियर में शामिल हुए।

## लव इज़ लव की विशेष सेलिब्रिटी स्क्रीनिंग

डायरेक्टर कपिल कौस्तुभ शर्मा की अभूतपूर्व फिल्म लव इज़ लव की विशेष सेलिब्रिटी स्क्रीनिंग जिसमें किटू गिडवानी और ज़रीना वहाब सहित प्रभावशाली स्टार कलाकार शामिल हुए। यह फिल्म, जो पहले ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसा हासिल कर चुकी है, डुनो वाई ना जाने क्यूं सीरीज का हिस्सा है - एक त्रयी जिसने 13 अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीते हैं। यह लोकप्रिय अंतर्राष्ट्रीय LGBTQ+ ओटीटी प्लेटफॉर्म, डेक्कू पर रिलीज होने वाली पहली भारतीय फिल्म भी होगी।, लव इज़ लव में ज़ीनत अमान के बेटे ज़हान खान और निखिल कामथ द्वारा संगीत दिया है। डेक्कू पर रिलीज होने के साथ, यह फिल्म ग्लोबल ऑडियंस तक पहुंचेगी और LGBTQ+ मुद्दों की मान्यता और समझ को बढ़ावा देगी।




## सुशीला के बच्चे को बचा पाएगी पुष्पा ?



पुष्पा इम्पॉसिबल शो में जब सुशीला प्रसव पीड़ा होने पर अस्पताल जाती है, तो प्रभास बिजली की आपूर्ति काटने की कोशिश करता है। वह ऐसी जगह फंस जाता है जहां चारों ओर दर्पण लगे होते हैं। इससे उसके दर्दनाक बचपन की यादें ताजा हो जाती हैं। पुष्पा को प्रभास के बचपन में हुए दुर्व्यवहार के भावनात्मक घावों का पता चलता है और वह उन्हें अपने पक्ष में इस्तेमाल करने का फैसला करती है। उसे यह एहसास दिलाती है कि बच्चे को प्रभास की तरह ही माँ की देखभाल की जरूरत है।

राग दरबारी



## कलयुग में रामयुग का दिव्य दर्शन

जब ईमानदारी का राग जपकर जेल से लौटकर नहाया। खूब मीडिया ने तड़का लगाया। आज खबरें अहम नहीं बनती क्योंकि तड़का का छोंक का चलन है। मीडिया की इज्जत लूटी है लेकिन फिर भी बाइज्जत बरी है।ईमानदारी उतनी अच्छी जितना निभा सकते हैं। ज्यादा ईमानदारी कब्ज को बढ़ा देती है। ईमानदार इतना की कुर्सी छोड़नी पड़ी। द्वापर युग में राम चौदह बरस को बनवास गए तो भरत ने राजगद्दी पर खड़ाऊ रखकर राज्य चलाया। आज इतिहास फिर दोहरा रहा है। राजगद्दी पर नहीं बैठ सरकार चलाएंगी। कितनी समानता है दोनों के आदर्श में? ऐसे मानक गढ़कर चिरकाल तक अमर हो जाएंगे। अहा! अद्भुत राजनीति की अंधभक्ति की शक्ति से कुर्सी की स्वामिभक्ति की जर्सी पहनाई गई। तीनों लोक हर्षित हुआ। सूर असुर देव दानव सब धन्य हो गए। राजनीति का उत्कर्षकाल है। राजनीति में एक ही थाली के चट्टे-बट्टे।

चढ़ा वही जो गिरा है। राजनीति के शीर्ष पर यदि सूर्य-सा चमकना है तो चापलूस बनना होगा। स्वामी रिमोट से सरकार चलाएंगे और चापलूस कठपुतली-सा नाचेंगे। नचा-नचा के स्वामी परीक्षा लेंगे और साथ में राजनीति में दीर्घायु का आशीर्वाद भी देंगे। सबसे ईमानदार पार्टी का सत्ता प्रेम देखते ही बनता है। स्वर्ग भी ऐसा दिव्य दर्शन को धरती पर उतर आया। सत्ता पर काबिज होते ही बत्तीसी दिखाई और भरत सा राज्य चलाने का बीड़ा उठाया नहीं बल्कि मीडिया में बजाया। आतिशबाजी शुरू है। मफलर साफा सब कलर में नजर आ रहे हैं। जनता को और क्या चाहिए?

जैसे भरत ने खड़ाऊं रखकर सिंहासन संभाला, मैं संभालूंगी बिल्ली। यह सुनकर सबसे बड़ी चापलूस विपक्ष बोली- चापलूसी नहीं, काम करें। एक खाली कुर्सी छोड़ दी और खुद दूसरी कुर्सी पर बैठीं। श्रीराम ने एक वचन को निभाने के लिए वनवास स्वीकार किया। इसीलिए हम श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम कहते हैं। उनकी जिंदगी हम सबके लिए मर्यादा और नैतिकता की एक मिसाल है। बिल्कुल उसी तरह अब इस देश की राजनीति में मर्यादा और नैतिकता की एक मिसाल कायम की गई है। जो लंबे समय तक ईमानदारी कर्तव्य का स्मरण फौरी तौर पर कराएगी। इस्तीफा में फूफा बनना सही नहीं होता है। भक्त बनाना सही निर्णय है। भविष्य का दांव है। राजनीति ऊपर पाँव है। कलयुग में रामयुग का दिव्य दर्शन देख जनता मस्त है और विपक्ष त्रस्त है। इस ब्रह्मास्त्र का कोई नहीं काट अस्त्र है। आतिशबाजी के नजारे का लुफ्त लीजिए और कुर्सी की मुफ्त रेवड़ियाँ खाइये।

**सूर्यदीप कुशवाहा**
**वाराणसी उत्तर प्रदेश, मो. 8004315275**

# मध्य प्रदेश में अब जीरो बेस्ड बजट

## अभी से आगामी बजट की तैयारी शुरू

**इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का पूरा फोकस व्यवस्थित शासन-प्रशासन पर है। इसके लिए उन्होंने अभी से आगामी बजट (वित्त वर्ष 2025-26)की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसकी वजह यह है कि मुख्यमंत्री जीरो बेस्ड बजटिंग पर जोर दे रहे हैं। जीरो बेस्ड बजट एक आधुनिक वित्तीय योजना है, जिसमें पूर्व बजट या पिछले साल के खर्च को आधार नहीं माना जाता। बल्कि, हर वर्ष को एक नई शुरुआत के रूप में देखा जाता है, जहां सभी खर्चों का नए सिरे से मूल्यांकन किया जाता है। इसके जरिए भविष्य की आवश्यकताओं, संभावनाओं और योजनाओं के अनुसार धन आवंटित किया जाता है।**



पहले, पारंपरिक बजट के तहत पिछले वर्षों के खर्चों को देखते हुए ही नए बजट तैयार किए जाते थे, लेकिन इस नई तकनीक में खर्चों का आकलन किया जाएगा और वास्तविक आवश्यकताओं पर आधारित योजनाएं बनाई जाएंगी।

डॉ. मोहन यादव को मुख्यमंत्री बने करीब 9 महीने हो चुके हैं। हालांकि, इनमें से 4 महीने लोकसभा चुनाव की तैयारियों में गुजर गए, जिसके चलते वो अपने मुख्यमंत्री पद के दायित्वों को पूरी तरह निभा नहीं सके। लेकिन इन शेष 5 महीनों में भी, राज्य की खराब आर्थिक स्थिति, प्रशासनिक व्यवस्था, और केंद्र सरकार के दबाव ने उनकी राह में कई चुनौतियां खड़ी कर दीं। इन्हीं चुनौतियों का सामना करते हुए, मुख्यमंत्री मोहन यादव अब एक नई पहल लेकर आ रहे हैं - जीरो बेस्ड बजट। इस तकनीक के तहत, 2025-26 का बजट पारंपरिक तरीके से नहीं, बल्कि नई नीतियों और वास्तविक आवश्यकताओं के आधार पर तैयार किया जाएगा। जानकारी के अनुसार वित्त विभाग ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए बजट निर्माण की प्रक्रिया में आमूलचूल परिवर्तन किया है। इस बार विभाग पूर्व अनुमान के आधार पर किसी मद या योजना में बजट राशि का प्रावधान नहीं कर सकेंगे।

किसी मद विशेष में बजट में राशि आवंटित करने के लिए उन्हें यह मानकर बारीकी से कैल्कुलेशन करना होगा की उस मद में बजट शून्य है। यानी हर योजना के लिए राशि का प्रावधान करने के लिए शून्य आधार मानकर एक्सरसाइज करना होगी। बजट में विभिन्न योजनाओं में वास्तविक राशि का प्रावधान किया जा सके, इसके लिए यह पूरी कवायद की जा रही है। दरअसल, वित्त विभाग इस बार जीरो बेस्ड बजटिंग विधि पर बजट तैयार कर रहा है। इस विधि पर बजट तैयार करने वाला मप्र देश का पहला राज्य है।

### प्रशासनिक तैयारियां और चुनौतियां

सूत्रों के अनुसार, इस कदम को लेकर मंत्रालय में चर्चा तेज हो गई है। अधिकारी इस नई बजट प्रणाली को लागू करने के तरीकों पर मंथन कर रहे हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि इस बजट प्रणाली का क्या असर पड़ेगा? क्या यह राज्य की आर्थिक और राजनीतिक स्थिरता के लिए फायदेमंद साबित होगी, या फिर यह सिर्फ एक प्रयोग भर रह जाएगा।

मुख्यमंत्री यादव के इस कदम से सरकार पर आंकड़ों की बाजीगरी करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों पर भी दबाव बढ़ेगा, क्योंकि अब सही विश्लेषण और योजनाओं पर आधारित बजट ही स्वीकार्य होगा। डॉ. मोहन यादव के इस नये फैसले के पीछे की मंशा स्पष्ट है? एक मजबूत और पारदर्शी वित्तीय व्यवस्था बनाना। लेकिन क्या जीरो बेस्ड बजट मध्य प्रदेश के आर्थिक और राजनीतिक हितों के लिए सफल सिद्ध होगा, यह तो आने वाले समय में ही पता चलेगा। उम्मीद है कि यह नई नीति राज्य को आर्थिक रूप से सशक्त और प्रशासनिक रूप से अधिक जवाबदेह बनाएगी।

### अनुमानित नहीं, वास्तविक बजट

अधिकारियों का कहना है कि वर्तमान में विभागों की तरफ से किसी योजना में सामान्यतः पूर्व में निर्धारित राशि के आधार पर अनुमानित राशि का प्रावधान कर दिया जाता है। बाद में देखने में आता है कि बजट में आवंटित राशि कम या ज्यादा हो जाती है। किसी योजना में कम राशि का प्रावधान होने की स्थिति में बाद में पुनरीक्षित बजट का प्रावधान करना पड़ता है।

जीरो बेस्ड बजटिंग विधि से बजट तैयार करने पर किसी मद या योजना विशेष में उसकी आवश्यता के हिसाब से वास्तविक राशि का प्रावधान किया जा सकेगा। आर्थिक विशेषज्ञ व भारत आर्थिक परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. देवेंद्र विश्वकर्मा का कहना है कि जीरो बेस्ड बजटिंग मेथड पर बजट तैयार करने की वित्त विभाग की पहल सराहनीय है।

इससे बजट के वास्तविक आंकलन में मदद मिलेगी। हालांकि एकाएक चीजें नहीं बदलेंगी, लेकिन भविष्य में बजट की एक्यूरेसी को लेकर इसके अच्छे परिणाम सामने आएंगे। जीरो बेस्ड बजटिंग की प्रक्रिया शून्य आधार से शुरू होती है और प्रत्येक कार्य या योजना में राशि का प्रावधान करने के लिए उसकी जरूरत और लागत के आधार पर बारीकी से तथ्यात्मक विश्लेषण किया जाता है। फिर आगामी अवधि के लिए बजट में राशि आवंटित की जाती है। इसमें किसी योजना में बजट की राशि पिछली बार से कम या ज्यादा हो सकती है।

### पैरालंपिक खिलाड़ियों को एक करोड़ और सरकारी नौकरी

पैरालंपिक खिलाड़ियों को मध्यप्रदेश सरकार शासकीय नौकरी और एक करोड़ रूपए प्रोत्साहन राशि देगी। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को सेवा पखवाड़े के तहत प्रदेश भाजपा कार्यालय में पैरालंपिक खिलाड़ियों प्राची यादव, पूजा झा व कपिल परमार को शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह से सम्मानित करते हुए कही।

डॉ. यादव ने कहा कि पैरालंपिक खिलाड़ियों ने मध्यप्रदेश और देश का नाम दुनिया में ऊंचा किया है। पैरालंपिक खिलाड़ी कपिल परमार ने सभी खिलाडियों को डीएसपी बनाए जाने की बात कही। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा एवं अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

# 45 ट्रांसपोर्ट कॉन्स्टेबलों की नियुक्तियां रद्द

**इंदौर। मध्यप्रदेश के परिवहन विभाग में 12 साल पहले भर्ती किए गए 45 कॉन्स्टेबलों की नियुक्तियां निरस्त कर दी गई हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर राज्य के परिवहन सचिव सीबी चक्रवर्ती ने 19 सितंबर को यह आदेश जारी किया, जो अब सामने आया है। इस मामले में कांग्रेस ने तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और तत्कालीन परिवहन मंत्री जगदीश देवड़ा का इस्तीफा मांगा है।**




- सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को सही मानते हुए नियुक्तियां रद्द करने का दिया था आदेश
- परीक्षा में 1 लाख 47 हजार परीक्षार्थियों ने लिया था हिस्सा
- कांग्रेस ने मांगा शिवराज-देवड़ा का इस्तीफा

साल 2012 में ट्रांसपोर्ट कॉन्स्टेबलों की भर्ती में महिलाओं के लिए आरक्षित पदों पर पुरुष उम्मीदवारों की नियुक्तियां की गई थीं। हिमाद्री राजे ने 2013 में इस मामले में ग्वालियर हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। अदालत ने 2014 में निर्णय सुनाते हुए पुरुष कॉन्स्टेबलों की नियुक्तियों को अवैध माना था।

इसके बाद, मध्यप्रदेश सरकार ने इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को सही मानते हुए इन नियुक्तियों को रद्द करने का आदेश दिया। जब सरकार की ओर से कार्रवाई नहीं हुई, तो हिमाद्री राजे ने सुप्रीम कोर्ट में अवमानना याचिका दायर की।

परिवहन विभाग ने 198 पदों के लिए भर्ती परीक्षा आयोजित की थी, जिसमें 24 मई 2012 को विज्ञापन जारी हुआ था और 12 अगस्त 2012 को परीक्षा हुई थी। इस परीक्षा में 1 लाख 47 हजार परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया। जांच में कई अभ्यर्थियों के अस्थाई पते गलत पाए गए और 17 अभ्यर्थियों ने नियुक्ति आदेश मिलने के बावजूद जॉइनिंग नहीं दी।

कांग्रेस नेता केके मिश्रा ने कहा कि भर्ती में धांधली के आरोपों की जांच के दौरान कई खामियां सामने आई हैं। उन्होंने बताया कि बिना सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के 332 आरक्षकों का चयन कर लिया गया। कांग्रेस ने नौकरी से निकाले गए आरक्षकों की एक सूची भी जारी की है, जिसमें कई उम्मीदवारों के पते गलत दर्ज हैं।

### - पूर्व मंत्री ने कहा

तत्कालीन परिवहन मंत्री भूपेंद्र सिंह ने 23 जून 2014 को भर्ती में धांधली के आरोपों को झूठा बताया और कहा कि सभी परीक्षाओं में चयन पारदर्शी तरीके से हुआ है।

# पुरानी पेंशन के लिए कर्मचारी आज सौंपेंगे ज्ञापन

इंदौर। नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम संगठन के आव्हान पर मध्य प्रदेश के सभी जिलों में कर्मचारी गुरुवार को कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को ज्ञापन सौंपेंगे। कर्मचारियों ने केंद्र सरकार की नई पेंशन स्कीम यूनिफाइड पेंशन स्कीम में कई खामियां गिनाते हुए पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग दोहराई है। नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष परमानंद डेहरिया ने खासकर 2.87 लाख शिक्षक (अध्यापक संवर्ग), 22 हजार पंचायत सचिव और साल 2005 के बाद नियुक्त 1.50 लाख से अधिक कर्मचारियों से आंदोलन में शामिल होने की अपील की है। बता दें कि प्रदेश में 4.59 लाख कर्मचारी नेशनल पेंशन स्कीम के दायरे में आते हैं। संगठन राष्ट्रीय स्तर पर पुरानी पेंशन बहाली के लिए साल 2017 से आंदोलन चला रहा है। संगठन ने 26 सितंबर को प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री को सौंपे जाने वाले ज्ञापन का प्रारूप जारी किया है, जो सभी जिलों में सौंपा जाएगा। ऐसा इसलिए किया गया, ताकि ज्ञापन में एकरुपता रहे और सरकार पर पुरानी पेंशन की बहाली के लिए दबाव बनाया जा सके। केंद्रीय कैबिनेट ने अगस्त 2024 में यूनिफाइड पेंशन स्कीम को मंजूरी दी है। कर्मचारियों ने इसमें भी खामियां गिनाई हैं। उनका कहना है कि इस स्कीम में शिक्षक, अधिकारी-कर्मचारी के रिटायर होने के बाद की सामाजिक सुरक्षा नहीं है। यह एनपीएस से भी अधिक खतरनाक जान पड़ती है। इसे लागू नहीं किया जाना चाहिए। केंद्र सरकार यूपीएस को 1 अप्रैल 2025 से लागू कर रही है। एनपीएस में भी सेवा में रहते हुए मृत्यु होने के बाद पारिवारिक पेंशन के नियम भी विवादास्पद हैं।

# 2 अक्टूबर के बाद घोषित होगी प्रदेश कांग्रेस की कार्यकारिणी

## कार्यकारिणी पर दिल्ली में सहमति होने का दावा

**इंदौर। प्रदेश कांग्रेस की बहुप्रतीक्षित कार्यकारिणी बनकर तैयार है और जल्द ही इसके दिल्ली से जारी होने के संकेत हैं। फिलहाल श्राद्धपक्ष के दौरान बड़े नेताओं को नाम जुड़वाने का मौका मिल गया है, लेकिन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कह रहे हैं कि सूची तैयार है और 2 अक्टूबर के बाद सबके सामने आ जाएगी।**

लंबे समय से प्रदेश कांग्रेस की कार्यकारिणी अटकी हुई है। पहले कार्यकारिणी तैयार हो गई थी तो उस पर प्रदेश के ही दिग्गज नेताओं ने पेंच फंसा दिया और वह अटक गई। इसके बाद बताया गया कि काटछांट के बाद कार्यकारिणी दिल्ली भेज दी गई है, लेकिन इस बीच प्रदेश प्रभारी भंवर जितेन्द्रसिंह और प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी में अनबन हो गई और भंवर ने राष्ट्रीय नेतृत्व से सूची को अटकवा दिया। इसको लेकर जीतू पटवारी भी दिल्ली हो आए और वहां भी बड़े नेताओं से बात कर सूची को जल्दी जारी करने को कहा गया, लेकिन इस बीच श्राद्ध पक्ष आ गए और सूची में किसी प्रकार का बखेड़ा न हो, इसके लिए टाल दी गई है। अब श्राद्ध पक्ष के बाद ही सूची घोषित होने की संभावना नजर आ रही है। पटवारी ने इंदौर दौरे के दौरान इसके संकेत दिए हैं।

कटाक्ष

## सभी डरे हैं और सभी सहमें हैं

अब तो सभी डरे हैं और सभी सहमें हैं।
खूब कड़वे अनुभव नेताओं को हुए हैं।
कौन हैं प्यारा और कौन सबसे है दुलारा,
अब किस-किसको जनता लाएगी दुबारा।
अपनी कांगेस पार्टी से हैं शिकवा-गिला,
शैलजा और सुरजेवाला को न्योता मिला।
सुना है भाजपा में भी छाई है निराशा,
इसी कारण कांग्रेस में आई है आशा।
फ़िर भी सभी डरे हैं और सभी सहमें हैं।
लोकसभा चुनाव ने भाजपा को डराया,
छतीसगढ़ ने कांग्रेस को भी सहमाया!
आप को भी शराब ने खूब है लजाया.
कार्यकर्त्ता भी खूब कला दिखा रहे है,
उम्मीदवार को भीतरघात से डरा रहें हैं।
अभी-भी सभी डरे हैं और सभी सहमें हैं।
खूब कड़वे अनुभव नेताओं को आ रहें हैं।

**संजय एम. तराणेकर**
**इंदौर (मध्यप्रदेश)**
**98260-25986**

# अक्टूबर में 20 दिन खुलेंगे सरकारी दफ्तर 11 दिन छुट्टी

## 18 का अवकाश लेकर चार दिन छुट्टी मनाएंगे कर्मचारी

इंदौर। अक्टूबर त्योहारों का महीना है। इसमें दशहरा, करवा चौथ और दीपावली जैसे बड़े त्योहार पड़ रहे हैं। त्योहारों की वजह से सरकारी कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले है। वे सिर्फ 20 दिन दफ्तर जाएंगे और 11 दिन अवकाश मनाएंगे। कोई बाहर (यात्रा पर) जाने का प्लान कर रहा हो, तो 18 अक्टूबर का अवकाश लेकर 4 दिन की लगातार छुट्टी मना सकता है। क्योंकि 17 अक्टूबर को महर्षि वाल्मीकी जयंती की छुट्टी है और 19 एवं 20 अक्टूबर को शनिवार एवं रविवार का अवकाश है।

महीने के पहले दिन 1 अक्टूबर से ही छुट्टियों की शुरूआत हो जाएगी। इस दिन प्राणनाथ जयंती है और मध्य प्रदेश सरकार ने इसे ऐच्छिक अवकाश घोषित किया है। 2 अक्टूबर गांधी जयंती का सार्वजनिक अवकाश है। 3 अक्टूबर को महाराज अग्रसेन जयंती है, यह भी ऐच्छिक अवकाश है और 12 अक्टूबर को दशहरा है। इस दिन सार्वजनिक अवकाश रहेगा। 17 अक्टूबर को महाराज अजमोढ़ देव जयंती एवं टेकचंद महाराज का समाधि उत्सव, 20 को करवा चौथ, 23 को बोहरा समाज के धर्मगुरु डॉ. सैयदना साहब का जन्मदिन है। इनमें भी ऐच्छिक अवकाश रहेगा। जबकि 30 अक्टूबर को दीपावली का सार्वजनिक अवकाश है।

### बैंकों में 7 दिन छुट्टी

बैंकों में 2 अक्टूबर को गांधी जयंती, 6 अक्टूबर को रविवार, 12 को दशहरा एवं दूसरे शनिवार और 13 अक्टूबर को रविवार का अवकाश रहेगा। 26 को माह के चौथे शनिवार, 27 को रविवार और 31 अक्टूबर को दीपावली के कारण बैंक बंद रहेंगे।

# लापरवाही छिपाने बिना लाइसेंसियों को अनाज बेचने की तैयारी

## मंडी बोर्ड के निर्णय से फैलेगी अराजकता

**इंदौर। प्रदेश के गोदामों में करोडों रुपयों का लाखों टन अनाज सांठ गांठ तथा रखरखाव में बरती गई लापरवाही को छिपाने के लिए मंडी बोर्ड ने वर्ष 2019 के नियमों में संशोधन कर निर्णय लिया है कि अनाज का विक्रय गैर लाइसेंसी को भी किया जा सकेगा।**



मंडी बोर्ड का निर्णय अराजकता फैलाने वाला है तथा इससे आम जनता को यदि खराब अनाज दिया गया तो ऐसे गैर लाइसेंसी पर कार्रवाई कैसे होगी ? इसका लाभ यह गैर लाइसेंसी व्यापारी उठायेंगे7

### मंडी बोर्ड को नीति बनाने का अधिकार नहीं

मंडी बोर्ड का यह निर्णय गैर कानूनी है क्योंकि उसे नीति बनाने का अधिकार नहीं है7 वह केवल राज्य सरकार के पास ही है7

### सांठगांठ तथा भ्रष्टाचार की जांच हो

विभिन्न संगठनों ने प्रदेश में लाखों टन अनाज बर्बादी पर 19

# जनहित मांगों को लेकर 2 अक्टूबर को सरपंच राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन देंगे

## राष्ट्रीय सरपंच संघ के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा

**इंदौर।** मप्र के समस्त सरपंच, त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था के निर्वाचित प्रतिनिधि अपनी समस्याओं के निराकरण नहीं होने से नाराज हैं। इस संदर्भ में राष्ट्रीय सरपंच संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजवीर तोमर ने बताया कि 2 अक्टूबर को सभी ग्राम पंचायतों के सरपंच राष्टपति के नाम ज्ञापन देंगे, जिसे ग्राम पंचायत सचिव के माध्यम से रजिस्टर्ड पोस्ट से भेजा जाएगा। तोमर ने आगे बताया कि ज्ञापन का प्रारूप सभी को भेजा जा रहा है।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं प्रधान संपादक सुनील वर्मा के लिए डीबी कार्प प्रॉ.लि. प्रेस, 44-46/ए, सेक्टर - एफ , इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इन्दौर से मुद्रित तथा 1/4, परदेशीपुरा, इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com